दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
नई दिल्ली। मंगलवार 03 फरवरी -2026 | वर्ष : 11 अंक : 45 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## जाति जनगणना 2027 पर सुप्रीम कोर्ट में दायर पीआईएल खारिज

### अदालत ने केंद्र से कहा- सुझावों पर करें विचार




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व-निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं।

इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

### सड़क हादसों में कमी लाने और जीवन रक्षा की दिशा में नई पहल

## गाजियाबाद के 41 चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें देंगी पांच सेकंड का अलर्ट, जल्द शुरू होगा ऑटोमैटिक चालान


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने एक अहम कदम उठाया है।

सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के समन्वय से इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। इस योजना के तहत गाजियाबाद के 41 प्रमुख चौराहों और मार्गों पर अत्याधुनिक ट्रैफिक लाइटें, कैमरे और एआई तकनीक से लैस सिग्नल लगाए गए हैं। खास बात यह है कि अब किसी भी सिग्नल पर रेड-ग्रीन होने से पहले 5 सेकंड का अलर्ट टाइम मिलेगा, जिससे वाहन चालकों को पहले से सतर्क होने का मौका मिलेगा और अचानक ब्रेक लगाने या अफरा-तफरी जैसी स्थिति से बचा जा सकेगा।

इसके लिए पुराना बस अड्डा, चौधरी मोड़, मोहन नगर, राजनगर एक्सटेंशन, हापुड़ चुंगी, गोविंदपुरम मार्ग, यूपी गेट, इंदिरापुरम, लाल कुआं, लोनी बॉर्डर सहित शहर के कई व्यस्त चौराहों पर यह सिस्टम शुरू कर दिया गया है। साथ ही, जेबरा क्रॉसिंग के पालन को लेकर भी जल्द विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के अनुसार इस पहल का उद्देश्य यह है कि वाहन चालक को समय रहते संकेत मिल जाए कि कब रुकना है और कब आगे बढ़ना है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

### ट्रायल रहा सफल, अब जल्द शुरू होगा ऑटोमैटिक चालान

करंट क्राइम : हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) ट्रायल का प्रेजेंटेशन भी दिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक हापुड़ चुंगी पर ट्रायल के दौरान बिना हेलमेट स्कूटी सवार का सफलतापूर्वक ऑटोमेटिक चालान काटा गया, जिसे सिस्टम की बड़ी सफलता माना जा रहा है। गाजियाबाद में करीब 800 से अधिक कैमरों की मदद से 41 चौराहों पर अब बिना हेलमेट, रेड लाइट जंप, गलत दिशा में वाहन चलाने, अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर ऑटोमेटिक चालान की कार्रवाई की जाएगी। सभी चालान कंट्रोल रूम से ऑनलाइन काटे जाएंगे।




### तीन बार चालान, बढ़ेगी टेंशन

करंट क्राइम : आईटीएमएस के तहत यदि किसी वाहन चालक के तीन बार से अधिक चालान कटते हैं, तो उसकी पूरी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को भेजी जाएगी। वहीं पांच बार नियम तोड़ने पर लाइसेंस निरस्तीकरण और अन्य कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है। आईटीएमएस को फरवरी माह में पूरे गाजियाबाद में सफलतापूर्वक लागू करने की तैयारी है। मॉनिटरिंग के लिए पुलिस कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। वहीं मुख्य कंट्रोल रूम नगर निगम मुख्यालय से संचालित होगा। डीसीपी ट्रैफिक गाजियाबाद त्रिगुण बिसेन ने कहा किइंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि सड़क हादसों में कमी और क्राइम कंट्रोल में भी पुलिस को बड़ी मदद मिलेगी।

## दो दिन में 2023 बैच के 25 दरोगाओं पर गिरी गाज

### -चौकियों से हटाकर सीधे थानों में किए गए अटैच, तीनों जोन में मचा हड़कंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 2023 बैच के उप निरीक्षकों के लिए मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बीते दो दिनों के भीतर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 25 उप निरीक्षकों को चौकियों से हटाकर सीधे थानों में अटैच कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद तीनों जोन–सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन– में 2023 बैच के दरोगाओं में टेंशन का माहौल है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र कुमार द्वारा 2023 बैच के उप निरीक्षकों की चौकियों पर बढ़ती संख्या को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।




गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने देहात जोन में नियमों के विरुद्ध 2023 बैच के उप निरीक्षकों को चौकी प्रभार दिए जाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था। यह मामला सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद विभागीय स्तर पर हलचल तेज हो गई थी। बताया जा रहा है कि देहात जोन में एक ही दिन में 23 दरोगाओं को चौकियों से हटाया गया, जबकि ट्रांस हिंडन जोन में भी दो उप निरीक्षकों के नाम ट्रांसफर/अटैचमेंट सूची में शामिल किए गए हैं। वहीं, सिटी जोन में भी जल्द 3 से 4 और 2023 बैच के उप निरीक्षकों को चौकी से हटाए जाने की तैयारी है। इस एक्शन के बाद साफ संकेत हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम अब नियमों के सख्त पालन और संतुलित तैनाती की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में और भी प्रशासनिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# जनरली मिजोरम के महामहिम जब भी गाजियाबाद आते हैं तो... ये वो चेहरे हैं जो अपनेपन के भाव से हर बार मिलने आते हैं...















**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में लगाव एक अलग चीज है और लक्ष्य एक अलग चीज है। कुछ लोग संबंधों को लक्ष्य की तरह निभाते हैं और कुछ लगाव लेकर चलते हैं। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से दो बार लोकसभा सांसद रहे हैं और वो वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल हैं। गाजियाबाद से उनका एक विशेष लगाव है और लगातार दस साल इसी जिले से सांसद रहे हैं। अब उनका आवास भी गाजियाबाद में है और जो लोग जनरल से अपनापन रखते हैं वो फिर इस भाव को प्रदर्शित भी करते हैं। जनरल जब जब गाजियाबाद हैं तब तब ये चेहरे हैं जो उनसे मिलने जाते हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी एक प्रोटोकॉल में वहां मौजूद रहते हैं। लेकिन एक अपनेपन का प्रोटोकॉल है जिसका ख्याल गाजियाबाद के कुछ चेहरे हैं जो हमेशा रखते हैं। सोमवार को जब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आये तो उनके राजनगर स्थित आवास पर लोग पहुंचे। गाजियाबाद में जनरल वीके सिंह के चाहने वालों की एक बड़ी तादाद है। हालांकि जब जनरल वीके सिंह सांसद थे तो यहां की राजनीति का मिजाज कुछ और था और अब इस मिजाज में फर्क आया है। अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं। इसके साईड इफैक्ट भी कईयों की राजनीति पर आये हैं और अब यहां की राजनीति कई चेहरे फूंक फूंक कर कदम रखते हैं। वो ध्यान रखते हैं कि कभी ऐसा ना हो कि इधर वालों के पास जायें तो उधर वाले नाराज हो जायें और उधर वालों के पास ज्यादा जायें तो इधर वाले ज्यादा नाराज हो जायें। लेकिन इन सबके बीच कुछ चेहरे ऐसे भी हैं जो नाराजगी की फिक्र नहीं करते। वो रिश्तों की पाकिजगी की फिक्र करते हैं। उन्हें अगर मिलना है तो वो मिलने आयेंगे और सोमवार को जब जनरल वीके सिंह आये तो मिलने वाले चेहरों में प्रमुख रूप से पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल पहुंचे। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी पहुंचे। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा यहां प्रमुख रूप से मौजूद थे। मेयर सुनीता दयाल पहुंची। पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान पहुंचे। कृष्णवीर चौधरी पहुंचे। पार्षद डॉ अनिल तोमर पहुंचे। पूर्व विधायक रूप चौधरी भी पहुंचे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रिजवान खान मीर पहुंचे। पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला पहुंचे। भाजपा नेता पिंटू तोमर पहुंचे। यहां पर जनरल वीके सिंह से मिलने का एक अलग संदेश लेकर अजय गुप्ता पहुंचे। अजय गुप्ता का अलग अंदाज इसलिए भी छाया रहा क्योंकि उन्होंने जनरल वीके सिंह के गाजियाबाद आने की खुशी में उनके स्वागत वाले होर्डिंग पहले ही लगवाये थे।

इसके अलावा जो चेहरे यहां पहुंचे उनमें मास्टर अमरदत्त शर्मा, अश्वनी शर्मा, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल, ऑलवेज भाजपा नेता केडी त्यागी पहुंचे। ये चेहरे वो हैं जो विधायक रहे हैं, जो कोई सरकारी दायित्व संभाल रहे हैं। इनमें ब्लॉक प्रमुख भी हैं और संगठन के पदाधिकारी भी हैं। ये चेहरे बताने के लिए काफी थे कि अगर अपनेपन का एहसास है तो है।

### जब जिले का पूरा मिजाज लिया राज्यपाल ने तीन आईएएस अधिकारियों से

करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल रिटायर्ड जनरल वीके सिंह का अंदाज हमेशा जुदा रहा है। प्रोटोकॉल के मामले में वो सबसे अलग नजर आते हैं। ऐसा नहीं कि ये प्रोटोकॉल उन्हें राज्यपाल होने के नाते मिल रहा है। वह देश के जनरल रहे हैं। सांसद निर्वाचित होने के बाद केन्द्र सरकार में उनके पास दो योजनाओं में प्रमुख मंत्रालयों की जिम्मेदारी रही है। जिस नाते अधिकारी वर्ग में वह सम्मानित पहचान रखते हैं। पहले की बात करें या वर्तमान की जनरल जब भी गाजियाबाद आए तब अधिकारियों ने उनको विशेष प्रोटोकॉल दिया एवं उनसे अलग से मुलाकात करने का समय भी लिया। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा राजनगर सेक्टर 2/27 के आवास पर दिखाई दिया। यहां वीके सिंह अपने आवास पर लगभग दो घंटा रुके। इस पूरे समय के दौरान गाजियाबाद के डीएम रविंद्र मांदड़, जीडीए वीसी नंदकिशोर कलाल उनसे विशेष रूप से मिलने के लिए पहुंचे। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने तो राज्यपाल से लगभग आधे घंटे से ज्यादा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जाहिर सी बात है कि जिले के तीन प्रमुख अधिकारियों के साथ जनरल मिजोरम के राज्यपाल होने के बावजूद गाजियाबाद के विकास का पूरा ताना–बाना बुनकर चले गए। जबकि हर बार की तरह इस बार भी गाजियाबाद के बड़े जनप्रतिनिधियों के दीदार उनके यहां पर नहीं हुए।




## केंद्रीय बजट 2026-27 पर विपक्ष की प्रतिक्रियाएं

# घोषणाओं से आगे जमीनी असर पर उठे सवाल




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। विपक्ष का कहना है कि बजट में विकास के बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन आम आदमी, किसान, युवा और मध्यम वर्ग की वास्तविक समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। नेताओं का तर्क है कि महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा-स्वास्थ्य और स्थानीय निकायों की मजबूती जैसे मुद्दों पर बजट ठोस समाधान पेश करने में कमजोर साबित होता है। इसी पृष्ठभूमि में विपक्षी नेताओं ने बजट पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराई।

### सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना कमजोर : धर्मवीर डबास



करंट क्राइम। पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर डबास ने कहा कि बजट में सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के सशक्तीकरण की स्पष्ट झलक नहीं मिलती। गरीब और पिछड़े वर्गों के लिए आर्थिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था नहीं दिखाई देती।

### किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को फिर नजरअंदाज किया गया : अमरपाल शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि बजट में किसान की आय, एमएसपी और कृषि लागत जैसे मुद्दों पर ठोस समाधान नहीं दिया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जो अपेक्षाएं थीं, बजट उन पर खरा नहीं उतरता।

### जनपद की जमीनी जरूरतों से कटा हुआ बजट : फैसल हुसैन



करंट क्राइम। जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि बजट जनपदों की वास्तविक समस्याओं से मेल नहीं खाता। शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय रोजगार को लेकर विशेष प्रावधान न होने से आम जनता को सीधा लाभ मिलता नहीं दिख रहा।

### संघीय ढांचे और राज्यों की भूमिका को और कमजोर करता बजट : अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम। प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा कि बजट में राज्यों और स्थानीय निकायों की भूमिका को लगातार सीमित किया जा रहा है। योजनाएं केंद्र से तय हो रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन के लिए राज्यों को पर्याप्त संसाधन नहीं दिए जा रहे। यह बजट सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप नहीं है और इससे राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता प्रभावित होती है।

### आम जनता को सीधी राहत देने का मौका चूक गया बजट : राहुल चौधरी



करंट क्राइम। पूर्व अध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा कि सरकार के पास आम जनता को राहत देने का अवसर था, लेकिन बजट में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आई। यह बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

### आर्थिक असमानता बढ़ने का खतरा : जेपी कश्यप



करंट क्राइम। पूर्व अध्यक्ष जेपी कश्यप ने कहा कि बजट की दिशा ऐसी है जिससे आर्थिक असमानता और बढ़ सकती है। विकास तभी सार्थक माना जा सकता है जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

### शहरी महंगाई और रोजगार पर बजट खामोश : वीरेंद्र यादव



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में महंगाई, किराया, बिजली-पानी और रोजगार जैसे मुद्दों पर बजट स्पष्ट नीति पेश करने में असफल रहा है। शहरों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रावधान आवश्यक थे।

### युवाओं और बेरोजगारों के लिए बजट निराशाजनक : विशाल वर्मा



करंट क्राइम। सपा नेता एवं पुर विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं और बेरोजगारों के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखता। रोजगार सृजन के दावे तो किए गए हैं, लेकिन नई नौकरियों और भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इससे युवाओं की निराशा और बढ़ेगी।

### घोषणाएं ज्यादा, आम आदमी को राहत कम — हाजी जाकिर



करंट क्राइम। लोनी के पूर्व विधायक हाजी जाकिर ने कहा कि बजट में बड़ी घोषणाएं जरूर हैं, लेकिन आम आदमी को महंगाई से राहत देने के उपाय नजर नहीं आते। रोजमर्रा की जरूरतों पर बढ़ता खर्च लोगों की सबसे बड़ी चिंता बना हुआ है।

### महंगाई और बेरोजगारी पर बजट मौन — विजय चौधरी



करंट क्राइम। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई ठोस समाधान नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी बजट आम लोगों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

### विकास के दावे और जमीनी असर में अंतर — बिजेंद्र यादव



करंट क्राइम। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि बजट में विकास की बड़ी तस्वीर पेश की गई है, लेकिन उसके जमीनी असर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। किसान, मध्यम वर्ग और युवा वर्ग के लिए ठोस राहत की कमी साफ दिखाई देती है।

### शहरी जरूरतों पर और ठोस प्रावधान की आवश्यकता : मोहिनी शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026झ27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में शहरी विकास की बात तो की गई है, लेकिन नगर निकायों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए और ठोस प्रावधान अपेक्षित थे। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के बीच जल निकासी, सफाई और बुनियादी सुविधाओं के लिए अधिक स्पष्ट और पर्याप्त संसाधन दिए जाने चाहिए थे।

### आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा बजट— मनीषा त्यागी



सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट एक बार फिर आम जनता, मध्यम वर्ग, युवा, किसान और महिलाओं की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है। महंगाई, बेरोजगारी और आय में गिरावट जैसे गंभीर मुद्दों पर बजट कोई ठोस समाधान पेश नहीं करता। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार, किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी और महिलाओं की वास्तविक आर्थिक सुरक्षा इसमें नजर नहीं आती। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी अपेक्षित निवेश का अभाव है। यह बजट राहत देने के बजाय आंकड़ों और बड़े उद्योगपतियों के हितों तक सीमित दिखाई देता है।

### मध्यम वर्ग और व्यापारियों को टैक्स दर में कटौती की थी उम्मीद : सतीश शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी, इंदिरापुरम मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बजट को राष्ट्र के विकास के लिए सकारात्मक बताते हुए मध्यम वर्ग की कुछ अधूरी इच्छाओं को भी रेखांकित किया। सतीश शर्मा ने रविवार को बजट देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाला है। सरकार ने देश के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया है, जो सराहनीय है। इनकम टैक्स दर पर असंतोष सतीश शर्मा ने व्यापारियों और नौकरीपेशा वर्ग की ओर से पक्ष रखते हुए कहा, आम करदाताओं को उम्मीद थी कि इनकम टैक्स की उच्चतम दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कॉरपोरेट बनाम मध्यम वर्ग: उन्होंने एक महत्वपूर्ण तुलना करते हुए कहा कि जहाँ कॉरपोरेट जगत के लिए इनकम टैक्स की उच्चतम दर मात्र 25 प्रतिशत है, वहीं व्यापारियों और वेतनभोगी वर्ग के लिए इसे 30 प्रतिशत पर बनाए रखना निराशाजनक है। देश के विकास में व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों का बड़ा योगदान है। यदि उन्हें भी कॉरपोरेट की तर्ज पर टैक्स में राहत मिलती, तो अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होता।

### देश की तरक्की और प्रगति वाला बजट : प्रवीण भाटी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने केंद्रीय बजट 2026 को देश की तरक्की और प्रगति वाला करार दिया है। उन्होंने बताया कि इस बजट से व्यापारी वर्ग को काफी फायदा होने जा रहा है। प्रवीण भाटी ने कहा कि यह बजट सबका साथ और सबका विकास के साथ सबके प्रयास पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला, रोजगार प्रदान करने वाला और विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला है। प्रवीण भाटी ने कहा कि मोदी सरकार के बजट का फोकस डिफेंस सेक्टर, किसानों की आय, क्रिटिकल मिनरल्स, डेटा सेंटर, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और अर्थव्यवस्था पर है। इस बजट से मध्यम वर्ग, उद्योग, स्टार्टअप्स और निवेशकों के लिए बहुत कुछ है।

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला दूरदर्शी बजट : अशोक कुमार गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैश्विक अस्थिरता के वर्तमान दौर में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय सह-संयोजक, श्री अशोक कुमार गोयल ने इसे एक ऐतिहासिक और संतुलित कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट मात्र एक वित्तीय लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 'विकसित भारत' की ओर बढ़ते देश का एक सशक्त संकल्प पत्र है। अशोक कुमार गोयल जी ने इस संतुलित और विकासोन्मुखी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस चतुर्मुखी विकास वाले बजट से भारत का राजस्व बढ़ेगा और देश एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा।

### उम्मीदों पर फिरा पानी, आम जनता के लिए केवल 'ख्वाबों का पुलिंदा' – के.एन. पाण्डेय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के पूर्व प्रदेश प्रभारी के.एन. पाण्डेय ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे दिशाहीन और निराशाजनक बताया है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह बजट पिछले बजट की ही 'कार्बन कॉपी' है, जिसमें आम जनता के उत्थान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है। साहिबाबाद और गाजियाबाद सहित पूरे प्रदेश की जनता इस बजट को एक अवसर खोने जैसा देख रही है। कांग्रेस नेता ने अंत में कहा कि यह बजट यह सिद्ध करता है कि सरकार जनता की वास्तविक समस्याओं से पूरी तरह कट चुकी है। रोजगार सृजन के दावे तो किए गए हैं, लेकिन नई नौकरियों और भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इससे युवाओं की निराशा और बढ़ेगी।

### जनहित और विकास को गति देने वाला संतुलित बजट : वीरेंद्र सारस्वत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि यह बजट आम आदमी, मध्यम वर्ग, किसान और युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि मध्यम वर्ग को कर प्रणाली में मिली राहत से खपत बढ़ेगी और बाजार को गति मिलेगी। उन्होंने बजट को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। भाजपा नेता ने कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाइव सुना बजट 2026, जनकल्याणकारी बताया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय बजट 2026 को संसद में पेश किए जाने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई द्वारा नेहरू नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर बजट का सीधा प्रसारण सुना गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मयंक गोयल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देता है और गरीब, किसान, महिला, युवा व मध्यम वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने इसे देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर सरदार एस.पी. सिंह ने बजट को राष्ट्र निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार व आत्मनिर्भरता को गति देने वाला बताया। वहीं महानगर उपाध्यक्ष रणिता सिंह ने कहा कि बजट में महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए किए गए प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा देंगे। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा कि यह बजट विकास, विश्वास और भविष्य की नींव रखने वाला है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में बजट का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत का सबसे मजबूत बजट: देवेंद्र यादव



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सदस्य देवेंद्र यादव ने बजट 2026-27 को विकसित भारत का सबसे मजबूत बजट करार दिया है। उनके बयान के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं : **दवाइयों पर राहत :** उन्होंने कहा कि सरकार ने गंभीर बीमारियों की दवाओं पर जो छूट दी है, उससे आम जनता को बहुत बड़ा फायदा होगा। **नशा मुक्ति की दिशा में कदम :** उन्होंने उन वस्तुओं पर टैक्स प्रावधानों की सराहना की जो नशे को हतोत्साहित करती हैं। **विकसित भारत का रोडमैप :** उन्होंने इस बजट को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम बताया और कहा कि यह 2047 के लक्ष्य को पूरा करने वाला है।

### विकसित भारत' की दिशा में ऐतिहासिक कदम: उमाशंकर तोमर



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम मंडल के पूर्व महामंत्री उमाशंकर तोमर ने केंद्रीय बजट 2026 की सराहना करते हुए इसे देश की प्रगति का नया अध्याय बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने वाली मजबूत नींव है। व्यापारी वर्ग और बुनियादी ढांचे पर जोर :उमाशंकर तोमर ने कहा कि इस बजट में व्यापारी वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे व्यापार सुगम होगा और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास' के मंत्र को चरितार्थ करता है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर सरकार का ध्यान सराहनीय है।

## यूरिडा के डिप्टी सीईओ ने सीएम ग्रिड कार्यों का किया निरीक्षण, तीन माह में पूरा करने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोहन नगर जोन अंतर्गत सीएम ग्रिड फेस-1 के तहत चल रहे कार्यों का अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा), नगर विकास उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीईओ अरविंद श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया।





इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता देशराज, सहायक अभियंता गणेसी लाल, अवर अभियंता विनोद सहित निर्माण विभाग की टीम उपस्थित रही। मोहन नगर चौराहे से हिंडन एयर फोर्स चौराहे तक 1.72 किमी तथा नागद्वार से हिंडन एलिवेटेड रोड तक 1 किमी सड़क कार्य का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नागद्वार से एलिवेटेड रोड तक का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं मोहन नगर से हिंडन एयर फोर्स तक पानी, बिजली व ओएफसी लाइनों को अंडरग्राउंड कर दिया गया है। करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से सड़क सुधार, फुटपाथ एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सीएम ग्रिड फेस-1 के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही इंदिरापुरम क्षेत्र में सीएम ग्रिड फेस-2 के कार्य भी योजना के अनुसार आगे बढ़ाए जा रहे हैं।

## राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हंगामा कार्यवाही आज 12 बजे तक के लिए स्थगित




**नई दिल्ली।** संसद के चालू बजट सत्र का आज चौथा दिन है। बजट सत्र की शुरूआत 29 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ हुई थी। दूसरे दिन वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वे पेश किया था। तीसरे दिन 1 फरवरी को वित्त मंत्री ने देश का आम बजट पेश किया था। आज बजट सत्र का चौथा दिन है।

आज से राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव पर लोकसभा में 18 और राज्यसभा में 16 घंटे का समय तय किया गया है। इस प्रस्ताव पर बोलने वाले वक्ताओं की लिस्ट सामने आ गई है।

बीजेपी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे का एक पुराना वीडियो ट्वीट कर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी अपनी गंदी राजनीति में एक पूर्व सेना प्रमुख को घसीट रहे हैं। वह ऐसी किताब की बात कर रहे, जो कभी प्रकाशित ही नहीं हुई।

लोक्सभा में राहुल गांधी ने फिर से डोकलाम की बात की। इस बात पर सदन में जोरदार हंगामा हुआ।

## विराट हिंदू महा सम्मेलन में गूंजा एकजुटता का मंत्र 'जात-पात के बंधन तोड़ एक हो हिंदू'






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** न्यू पंचवटी कॉलोनी (कण्व बस्ती) के तिकोना पार्क में आयोजित 'विराट हिंदू महा सम्मेलन' आयोजित किया गया। बी-ब्लॉक, ए-ब्लॉक, दौलतपुरा और लुहारपुरा के सैकड़ों परिवारों ने इस समागम में हिस्सा लेकर सामाजिक एकजुटता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूज्य स्वामी जीवन ऋषि महाराज जी ने अपने संबोधन में हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रदीप ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की विकास यात्रा और राष्ट्र निर्माण में इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद (मेरठ प्रांत) के सह प्रांत समरसता प्रमुख विनय कक्कड़ जी उपस्थित रहे। आयोजन में लगभग 800 परिवारों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिससे पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

## लोनी रामलीला मैदान में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**लोनी, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आवाहन पर सर्व समाज हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन रामलीला मैदान लोनी में पूर्ण हुआ। रविवार 1 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजबदास महाराज महामंडलेश्वर, रतन भाटी मोनू रहे (विभाग सह शारीरिक शिक्षा प्रमुख) और मंच संचालन विकास गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मोनू द्वारा हिंदू एकता, परिवार प्रबोधन व सामाजिक समरसता के साथ स्वदेशी वस्तुओ और पर्यावरण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन मिला। अजब दास महाराज महामंडलेश्वर ने जातीय भेदभाव को अस्वीकार करने और हिंदू एकता पर बल देते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यकम में कई संत,पुजारी और समाज के सभी वर्गों से सम्मानित भाई बंधु, मुरारी लाल लोहरा मानसिंह आड़ती, डा कैलाश बिंदल, रमेश चंद्र अग्रवाल, संजीव वर्मा, दीपक जैन, रविंद्र कुमार, दीपक नरूला, पिछतर सिंह आदि के साथ हजारों की संख्या में हिंदू भाई बहन उपस्थित रहे।

दैनिक
www.currentcrime.com
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 03 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट




# 'बजट 2026-27 से भारत ने विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में चौथा गियर लगा दिया है' : अतुल गर्ग

# 'आत्मनिर्भर भारत को वैश्विक नेतृत्व तक ले जाने वाला दूरदर्शी बजट'








बजट प्रेसवार्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बजट 2026-27 पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि यह बजट एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि के साथ तैयार किया गया है, जिससे भारत और अधिक तेजी से आत्मनिर्भर बन सके और किसी भी विदेशी शक्ति के दबाव में निर्णय लेने की स्थिति से पूरी तरह मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से भारत ने विकसित भारत के लक्ष्य की ओर चौथा गियर लगा दिया है और आने वाले वर्षों में देश स्वास्थ्य, शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। अतुल गर्ग ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत को ग्लोबल एम्बेसडर के रूप में स्थापित करने की ठोस कार्ययोजना है।

## कृषि, स्वास्थ्य, महिला और शिक्षा



करंट क्राइम। अतुल गर्ग ने कहा कि बजट में कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखा गया है। भारतीय काजू, नारियल और चंदन को वैश्विक प्रीमियम ब्रांड के रूप में स्थापित करने की योजना से करोड़ों किसानों और ग्रामीण परिवारों को लाभ मिलेगा। किसानों के लिए बहुभाषी एआई आधारित कृषि टूल खेती को तकनीक से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर, डायबिटीज और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को सस्ता करने, 10,000 करोड़ रुपए के बायोफार्मा हब और मेडिकल टूरिज्म के लिए क्षेत्रीय हब स्थापित करने से भारत वैश्विक हेल्थकेयर डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एसएचई मार्ट्स, कामकाजी महिलाओं के लिए हर जिले में छात्रावास और महिला उद्यमियों के लिए विशेष बाजार मंच महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएंगे। शिक्षा और युवा शक्ति को लेकर ओरेंज इकॉनॉमी के तहत 15,000 हाई स्कूल और 5,000 कॉलेजों में कंटेंट लैब्स से 2030 तक 20 लाख नए रोजगार सृजित होंगे।

## उत्तर प्रदेश पर विशेष फोकस

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश को लेकर अतुल गर्ग ने कहा कि यह बजट प्रदेश के लिए विकास का नया अध्याय लिखेगा। दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, वाराणसी में शिप रिपेयरिंग हब और जेवर एयरपोर्ट के पास देश के पहले सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं इंडस्ट्रियल पार्क से प्रदेश औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में नए एम्स की स्थापना, सभी 75 जिलों में इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर और गर्ल्स हॉस्टल, लखनऊ में एआई सिटी के विकास तथा लखनऊ-आगरा-कानपुर मेट्रो के अगले चरण के लिए 33 हजार करोड़ रुपए के आवंटन से स्वास्थ्य, शिक्षा और शहरी विकास को नई गति मिलेगी। हापुड़ और सहारनपुर में एग्री एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन तथा प्रयागराज में नए औद्योगिक नोड के लिए विशेष फंड भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी और पार्षद नीरज गोयल की प्रमुख उपस्थिति रही।

**इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और औद्योगिक शक्ति :** सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और रेलवे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए बड़े और दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। देश में 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिससे आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को तेजी मिलेगी। टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए प्रति शहर 5,000 करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर पैकेज से छोटे शहर भी विकास की मुख्यधारा में आएंगे। उन्होंने बताया कि परमाणु संयंत्रों के लिए आयातित वस्तुओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी की छूट 2035 तक बढ़ाए जाने और सौर ऊर्जा से जुड़े कच्चे माल पर कर राहत से भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। इसके साथ ही हाईटेक मशीनरी, विमान पुर्जे, टनल बोरिंग मशीन और माइनिंग से जुड़े उपकरणों के निर्माण का हब बनकर भारत वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग मैप पर मजबूत स्थिति हासिल करेगा।

# बोले सांसद अतुल गर्ग मेरे पासा आया था बोर्ड बैठक में शामिल होने के लिए मेयर सुनीता दयाल का व्यक्तिगत फोन

### मैंने कहा था, मैं नहीं हूं हाउस टैक्स की बहुत ज्यादा वृद्धि के पक्ष में





**हाउस टैक्स के मुद्दे पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह मुख्य रूप से नगर निगम का नीतिगत विषय है और सदन की मुखिया को इस पर फैसले लेने का अधिकार है।**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर भगवागढ़ में रण भी भगवा ही चल रहा है। भाजपा के पार्षद कर वृद्धि के विरोध में धरने से लेकर लखनऊ टूर कर चुके हैं। मेयर सुनीता दयाल तीन बार ये ऐलान कर चुकी हैं कि पुरानी दरों पर ही कर लिया जायेगा। पूर्व मेयर से तो निगम ने नई दरों पर टैक्स ले लिया और पूर्व मेयर ने मौजूदा मेयर से सवाल भी कर लिया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने शासन को पत्र लिखा। भाजपा के ही दो पूर्व पार्षद इस मामले में हाई कोर्ट में केस लड़ रहे हैं। हाउस टैक्स को लेकर बोर्ड बैठक बुलाये जाने की मांग उठ रही है। बोर्ड बैठक इससे पहले जब हुई थी तो उसमें पदेन सदस्यों के रूप में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। मौजूदा समय में हाउस टैक्स के मुद्दे पर लोकसभा सांसद का क्या कहना है, इसे लेकर सांसद अतुल गर्ग ने सोमवार को अपनी बात रखी। हाउस टैक्स के मुद्दे पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उनके पास मेयर सुनीता दयाल का व्यक्तिगत फोन आया था। अतुल गर्ग सोमवार को अपने कविनगर स्थित आवास पर मीडिया से रूबरू थे। यहां उन्होंने अन्य बातों के साथ हाउस टैक्स के मुद्दे पर भी बात रखी। उन्होंने कहा कि निगम सदन की मुखिया के रूप में मेयर सुनीता दयाल पहले ही हाउस टैक्स को लेकर अपनी बात रख चुकीं हैं और वो सदन की मुखिया हैं उनका निर्णय सदन का निर्णय है। हाउस टैक्स के मुद्दे पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह मुख्य रूप से नगर निगम का नीतिगत विषय है और सदन की मुखिया को इस पर फैसले लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि नैतिक रूप से इस मामले में मेरा दखल देना ठीक नहीं है लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मेयर सुनीता दयाल का फोन उनके पास आया था और उन्होंनें ये कहा था कि आपको हाउस टैक्स विषय पर होने वाली बोर्ड बैठक में रहना है। लेकिन मैंने उन्हें बता दिया था कि इस समय संसद का सत्र चल रहा है। लिहाजा ऐसे में आना संभव नहीं हो पायेगा। क्योंकि व्हीप जारी हो जाती है और फिर ये संभव नहीं होता। लेकिन मैंने अपनी राय रख दी थी और कहा था कि मैं बहुत अधिक हाउस टैक्स वृद्धि के पक्ष में नहीं हूं। बोर्ड बैठक को लेकर मेयर का फोन अवश्य आया था। उन्होंने कहा कि अभी बोर्ड बैठक नहीं हो पायेगी क्योंकि सत्र चल रहा है और अगली बोर्ड बैठक भी तभी हो पायेगी जब सत्र नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स के मामले पर कोर्ट का निर्णय जब आयेगा, तब आयेगा। लेकिन इस मुद्दे पर पार्षदों की लड़ाई बोर्ड बैठक में लड़ी जा सकती है।

# सिटी जोन को मिलेगा प्रदेश का सबसे आधुनिक थाना, पुलिस कमिश्नर इसी माह करेंगे शिलान्यास

## तीन मंजिला हाईटेक बिल्डिंग बनेगी आधुनिक पुलिसिंग की पहचान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन में जल्द ही उत्तर प्रदेश का सबसे आधुनिक थाना बनने जा रहा है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर प्रस्तावित इस थाने की बिल्डिंग फाइनल हो चुकी है और पुलिस सूत्रों के मुताबिक फाइल को सभी आवश्यक स्वीकृतियां मिल गई हैं।

इसी महीने पुलिस कमिश्नर द्वारा भव्य शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वेव सिटी में बनने वाला यह थाना न केवल गाजियाबाद कमिश्नरेट, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आधुनिकता की मिसाल बनेगा। तीन मंजिला इस थाने को हाईटेक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिसमें आधुनिक कार्यालय, बेहतर वर्किंग एरिया और आकर्षक आंतरिक संरचना शामिल होगी।

### फरवरी में होगा शिलान्यास, पुलिस कमिश्नर रहेंगे मौजूद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वेव सिटी थाने का शिलान्यास फरवरी माह में किया जाएगा। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन 10 फरवरी के बाद किसी भी दिन कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। शिलान्यास कार्यक्रम में स्वयं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की उपस्थिति रहेगी। वेव सिटी थाने की तीन मंजिला इमारत में एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय, पर्याप्त पार्किंग स्पेस, अलग-अलग विभागीय कार्यालय और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वर्किंग एरिया बनाया जाएगा। एयर कंडीशनिंग, स्मार्ट लेआउट और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ यह थाना प्रदेश के सबसे हाईटेक थानों में शामिल होगा।





### राजनगर एक्सटेंशन और मधुबन बापूधाम थाना भी होंगे हाईटेक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले अन्य क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। राजनगर एक्सटेंशन और साहिबाबाद के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर नए राजनगर एक्सटेंशन थाने के निर्माण की योजना है। बहुमंजिला इमारतों और तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां नए थाने की मांग लंबे समय से थी। वहीं मधुबन बापूधाम थाने को भी आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में पूरे कमिश्नरेट क्षेत्र में थानों के आधुनिकीकरण और पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का कार्य लगातार जारी है।

# ऑफ द रिकॉर्ड पूछा है वरिष्ठ भाजपा नेता ने मेयर से एक सवाल, प्लीज बता दें कि हाउस टैक्स में छूट नये रेट पर मिलेगी या देना है पुरानी दर पर टैक्स






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर रार बिटविन द सरकार वालों के बीच थम नहीं रही है। पूरा सदन कर वृद्धि के विरोध में है और सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित कर चुका है। पार्षदों का एक टोला इस मुददे को लेकर लखनऊ तक घूम आया है। दो पूर्व पार्षद हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ रहे हैं।

इस मामले में जो रोचक पहलू है वो ये है कि नगर निगम पार्षद दल की मुखिया मेयर का तीन बार बयान आया है और अब इस बयान को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता ने सवाल किया है। दरअसल हाउस टैक्स की दरों में वृद्धि का विरोध हो रहा है और नगर निगम हाईकोर्ट में ये मुकदमा लड़ रहा है। 30 जून वाली बैठक में मेयर ने ये स्पष्ट किया था कि कर वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मिति से निरस्त किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन निगम ने कर दाताओं को मैसेज भेज दिये और लोगों ने टैक्स जमा कराना शुरू किया। इसके बाद मेयर का एक बार फिर बयान आया और उन्होंने दोहराया कि पुरानी दरों पर ही कर वसूला जायेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि अभी टैक्स जमा ना करायें।

इसके बाद मेयर का बयान आया कि कर को लेकर सदन का फैसला सर्वोपरि है। उन्होंने दोहराया कि सदन सर्वोपरि है और यहां उनहोंने कर निर्धारण अधिकारी को भी रडार पर लिया। लेकिन इसके अगले ही दिन कर निर्धारण अधिकारी ने भी पलटवार किया और यहां उन्होंने मेयर का नाम नहीं लिया और निशाना उन्हीं पर साधा। इस पूरे घटनाक्रम के बीच में एक सीन मौजूदा मेयर और पूर्व मेयर का भी रहा। पूर्व मेयर अपने घर का टैक्स जमा कराना चाहते थे और टैक्स जमा कर रहे कर्मचारी ने कह दिया कि नयी दरों पर ही टैक्स जमा होगा। यहां भी पूर्व मेयर ने वर्तमान मेयर से सवाल किया। बहरहाल इस मामले में हाल ही में मेयर ने एक बार फिर उन्होंने प्रैसनोट जारी किया और कहा कि छूट की सीमा फरवरी माह में भी जारी रहेगी और लोग छूट के साथ अपना हाउस टैक्स जमा करा सकते हैं।

मेयर के बयान के बाद भाजपा के ही एक वरिष्ठ नेता ने करंट क्राइम से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि जब सदन की मुखिया के रूप में मेयर ने एक बार कह दिया कि सदन का फैसला सर्वोपरि हैऔर अब मेयर शहर की जनता को कम से कम ये स्पष्ट कर दें कि जो छूट वाला गृह कर है वो कौन सी दरों पर जमा कराना है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि मैं एक दम फ्रंट पर आकर किसी के भी विरोध में कोई फ्रं ट नहीं खोलना चाहता हूं। मेरा मकसद किसी भी जनप्रतिनिधि की आलोचना या तंज कसने का भी नहीं है। मैं तो केवल शहर की जनता की ओर से इतना जानना चाहता हूं कि अगर कोई भी कर दाता छूट के साथ अपना हाउस टैक्स जमा कराने जा रहा है तो मेयर कृपया ये स्पष्ट कर दें कि ये 20 प्रतिशत की छूट पुरानी दरों पर मिल रही है या नयी दरों पर मिल रही है। शहर की जनता को नयी दरों पर हाउस टैक्स जमा कराना है या पुरानी दरों पर अपना हाउस टैक्स जमा कराना है। शहर की जनता इस मुददे पर पूरी तरह कन्फ्यूज है और कोईभी ये नहीं बता रहा कि हाउस टैक्स कौन सी दरों पर जमा किया जायेगा। ये स्पष्ट हो जाये कि शहर की जनता को हाउस टैक्स का बिल अधिकारियों द्वारा बढ़ाये गये रेट पर करना है या फिर निगम की मेयर और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कहे जा रहे पुरानी दर पर जमा करना है। अगर मेयर ये स्पष्ट कर देती हैं तो शहर की जनता के लिए ये एक बड़ी राहत होगी और जनता को भी ये पता चल जायेगा कि किसके बयान में कितनी सच्चाई है।

# फर्जी पासपोर्ट रिपोर्ट मामले में डाक मुंशी सस्पेंड, जांच एसीपी मसूरी को सौंपी

## क्राइम ब्रांच भी करेगी पड़ताल




**गाजियाबाद करंट क्राइमः** थाना भोजपुर क्षेत्र में सामने आए फर्जी पासपोर्ट सत्यापन मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मामले में लापरवाही और संदिग्ध भूमिका पाए जाने पर डाक मुंशी आरक्षी दीपक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही प्रारंभिक विभागीय जांच एसीपी मसूरी को सौंपी गई है, जबकि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। गौरतलब है कि जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ था कि एक ही पते पर 20 से अधिक लोगों के पासपोर्ट बनवाए गए।

इस मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच के दौरान डाकिया सहित अन्य स्तरों पर हुई गंभीर लापरवाहियां भी सामने आई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, निलंबित आरक्षी दीपक कुमार डाक मुंशी के पद पर तैनात था और वह टैबलेट के माध्यम से अन्य चौकी प्रभारियों से मिलीभगत कर अलग-अलग गांवों के आवेदकों के पासपोर्ट का सत्यापन एक ही पते पर दिखाकर रिपोर्ट लगा देता था। इस पूरे नेटवर्क में बीट कांस्टेबलों और कुछ उप निरीक्षकों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है, जिनकी जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। बताया जा रहा है कि एसीपी मसूरी (आईपीएस) द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद विभागीय कार्रवाई को और आगे बढ़ाया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि जांच के दायरे में पुलिस विभाग के कई अन्य कर्मचारी भी आ सकते हैं और आने वाले दिनों में और निलंबन या कार्रवाई हो सकती है।

## संपादकीय

# आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में रोजगार बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उपाय बताए हैं। साथ ही सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा, टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों पर जोर दिया गया है। आज दुनिया जिस जियो-पॉलिटिकल उथल पुथल से गुजर रही है और उसकी वजह से देश के सामने जो मुश्किलें हैं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में उनसे बाहर निकलने का एक रोडमैप पेश किया। इनमें से सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है। इस वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर काफी जोर दिया गया है। सरकार ने GDP में इसका योगदान 25% तक करने का लक्ष्य रखा है, जबकि अभी तक 20% का लक्ष्य भी ासिल नहीं किया जा सका है। घरेलू इकॉनमी पर फोकस इसे देखते हुए वित्त मंत्री ने 6 प्रायॉरिटी क्षेत्रों पर ध्यान दिया। इनमें सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा, टेक्सटाइल, टरटए और अर्बन इकॉनमिक क्लस्टर्स शामिल हैं। सरकार का फोकस डोमेस्टिक इकॉनमी को और मजबूत करने पर है, ताकि देश को बाहरी झटकों से बचाया जा सके। डेयरी, फिशरीज और एग्रीकल्चर एंप्लॉयमेंट को मजबूती देने के लिए भी सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनका पॉजिटिव असर आने वाले वक्त में दिख सकता है।

केपेक्स पर फोकस इसके साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी सरकार का ध्यान बना हुआ है। वित्त वर्ष 2027 में कैपिटल एक्सपेंडिचर को 10% की बढ़ोतरी के साथ 12.2 लाख करोड़ रुपये करने का ऐलान किया गया है। पिछले कई वर्षों से प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में तेजी की सरकार की उम्मीद पूरी नहीं हुई है। ऐसे में मजबूत ग्रोथ के लिए वह इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर निवेश बढ़ाना जारी रखेगी। क्रिटिकल सेक्टर इसके साथ स्ट्रैटिजिक पहलू को ध्यान में रखकर क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ जैसे सेग्मेंट को बढ़ावा देने की बात भी सरकार ने कही है। कुछ समय पहले जिस तरह से चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई रोक दी थी, उसे देखते हुए यह पहल अहम है। बजट में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, डेटा और क्लाउड सर्विसेज जैसे क्षेत्रों को लेकर भी ऐलान किए गए हैं, जो तेजी से बदलती दुनिया और जियो-पॉलिटिक्स के लिहाज से अहमियत रखते हैं। अगला लक्ष्य बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बनने के लक्ष्य की ओर देख रहा है। वित्त वर्ष 2026 में वैश्विक उथल पुथल के बीच भारत की 7.4% की अनुमानित ऋछ्ढ ग्रोथ बड़ी बात कही जा सकती है। वित्त वर्ष 2027 में सरकार ने ग्रोथ के 7% रहने का अनुमान लगाया है, जो दुनिया के बड़े देशों में सबसे अधिक होगी। वित्तीय अनुशासन इस बजट में ग्रोथ की रफ्तार बनाए रखने के साथ सरकार ने फिस्कल डेफिसिट पर नियंत्रण को लेकर भी पॉजिटिव घोषणाएं की हैं। वित्त वर्ष 2026 में डेफिसिट जहां ऋछ्ढ का 4.4% रहा, वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके लिए 4.3% का लक्ष्य रखा गया है। भारत की सॉवरेन रेटिंग के लिहाज से यह आंकड़ा अहम है। रेटिंग मजबूत रहने से घरेलू कंपनियों-संस्थानों की कर्ज जुटाने की लागत कम रहती है।

# निवेश को विकास का इंजन बनाएगी सरकार

## रोजगार सृजन पर रहेगा बजट का फोकस: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की बजट रणनीति में निवेश को प्राथमिक औजार बनाया गया है, ताकि आर्थिक वृद्धि को टिकाऊ बनाए रखा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट का फोकस ऐसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर है, जहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की क्षमता मौजूद है। सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि यह वैश्विक अनिश्चितता की वजह से हो रहा है। इससे पता चलता है कि निवेशकों को फिलहाल किसी एक मुद्रा पर पूरा भरोसा नहीं है, इसलिए वे सुरक्षित विकल्पों की तलाश में हैं। किन-किन चीजों पर रहा बजट



का फोकस फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग पर एसटीटी बढ़ाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक तरह की रोक है, ताकि लोग बिना सोचे-समझे सट्टेबाजी में न कूदें और जोखिम को समझकर ही निवेश करें।

विनिवेश और एसेट मोनेटाइजेशन पर सरकार पीछे नहीं हटेगी। इस प्रक्रिया को आगे भी जारी रखा जाएगा, जिससे सरकारी कंपनियों (उढरए२) में पब्लिक हिस्सेदारी बढ़ेगी। वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि आने वाले महीनों में लोगों की खर्च करने की क्षमता यानी निजी उपभोग मजबूत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 के लिए तय घाटा लक्ष्य दिखाता है कि सरकार की प्राथमिकता विकास को रफ्तार देना है।

उन्होंने यह भी बताया कि आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया सही दिशा में चल रही है। साथ ही, पीएसयू में सरकार की हिस्सेदारी बिक्री की रफ्तार से गैर-कर राजस्व की दिशा तय होगी।

**आर्थिक विकास दर बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता:** सीतारमण ने कहा है कि 7-8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर बनाए रखना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सभी नागरिकों को फायदा होगा और ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर अर्थव्यवस्था की रफ्तार अच्छी रहती है, तो उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की सबसे तेज१ से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए 7 से 8 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखनी होगी।

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विमान निर्माण को बढ़ावा: नायडू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बजट की सराहना करते हुए कहा है कि सरकार के नए वित्तीय रोडमैप में नागरिक उड्डयन क्षेत्र एक प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बजट देश में मजबूत विमान निर्माण इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में एक स्पष्ट रोडमैप पेश करता है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने कहा कि नागरिक उड्डयन के लिए



सबसे बड़ा सकारात्मक प्रभाव मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज के बजट भाषण में नागरिक उड्डयन एक बड़ा लाभार्थी रहा है। इस क्षेत्र में सबसे मजबूत प्रभाव विमान निर्माण पर पड़ेगा, जहां कई देशों ने पहले ही बढ़त बना ली है। जब हमें विमान खरीदने होते हैं, तो हम अन्य देशों और उनके खरीदते हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का जोर ह्यआत्मनिर्भरताह्ल पर है, ताकि विमान निर्माण को देश के भीतर ही विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हम काफी समय से इस नेटवर्क को खड़ा करने पर काम कर रहे हैं और यह बजट बताता है कि इसे कैसे हासिल किया जाए। बजट से युवाओं की आत्मनिर्भरता को नई ताकत, पीएम मोदी का संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट को युवाओं के आत्मनिर्भरता के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार दबाव में सोना-चांदी लुढ़के

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम पिछले कुछ दिनों से लगातार गिर रहे हैं। सोमवार को सोना करीब 1.34 लाख प्रति 10 ग्राम और चांदी 2.33 लाख प्रति किलो पर आ गई। सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है।



सोना 8000 रुपये तक सस्ता हो गया। वहीं चांदी में 31,800 रुपये तक की गिरावट देखने को मिली। कीमतों में अस्थिरता का दौर जारी है। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपये गिरकर 1,34,00 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 5.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी 31,878 रुपये सस्ती होकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

सोमवार की शुरूआती ट्रेडिंग में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4% तक फिसला, जबकि चांदी में भी इसी के आसपास गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, 12% तक टूटने के बाद चांदी 80 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर टिक गई। इससे पहले सत्र में चांदी ने अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट दर्ज की थी, जो बीते 10 वर्षों की सबसे तेज गिरावट मानी जा रही है।

### क्या है गिरावट के कारण?

बीते एक साल में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं, जिसने अनुभवी निवेशकों को भी चौंका दिया था। जनवरी में यह तेजी और तेज हो गई थी, जब वैश्विक तनाव, कमजोर होती मुद्राएं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी का रुख किया।

हालिया गिरावट की बड़ी वजह जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फेड चेयर के तौर पर केविन वॉर्श को नामित करने की योजना बना रहे हैं।

इस खबर के बाद डॉलर मजबूत हुआ और उन ट्रेडर्स की धारणा कमजोर पड़ी, जो नरम डॉलर की उम्मीद लगाए बैठे थे।

# बजट के बाद शेयर बाजार में जोरदार वापसी, सेंसेक्स 943 अंक उछला

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 943.52 अंक उछलकर 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 262.95 अंक की बढ़त के साथ 25,088.40 पर बंद हुआ। बजट वाले दिन भारी गिरावट झेलने के बाद, सोमवार को शेयर बाजारों में तेजी आई और बेंचमार्क सेंसेक्स 943 अंक चढ़ गया। ब्लू-चिप तेल और गैस, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में खरीदारी के चलते बाजार में उछाल देखने को मिला।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 943.52 अंक या 1.17 प्रतिशत बढ़कर 81,666.46 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,009.31 अंक या 1.25 प्रतिशत बढ़कर 81,732.25 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 262.95 अंक या 1.06 प्रतिशत चढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 282.65 अंक या 1.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 25,108.10 पर पहुंच गया।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल :** सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से पावर ग्रिड के शेयरों में 7.61 प्रतिशत और अदानी पोर्ट्स के शेयरों में 4.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट अन्य प्रमुख लाभ कमाने वालों में शामिल थे। एक्सिस बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ट्रेंट और टाइटन पिछड़ गए।

**बजट में इन क्षेत्रों पर किया गया फोकस :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन की पेशकश की और कृषि और पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की।

# अमेरिकी टैरिफ के बाद लैटिन अमेरिका में चीनी सस्ते सामानों की बाढ़, स्थानीय उद्योग और नौकरियां दबाव में

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के बाद चीन ने लैटिन अमेरिका में सस्ते सामानों का निर्यात बढ़ाया है। इससे उपभोक्ताओं को फायदा हुआ, लेकिन स्थानीय उद्योगों और नौकरियों पर दबाव बढ़ा है, जिसके चलते कई देश टैरिफ और अन्य सुरक्षा उपाय अपना रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति और भू-राजनीतिक कदमों के बाद चीन के निर्यातकों ने लैटिन अमेरिका को बड़ा बाजार बना लिया है। नतीजतन, क्षेत्र के देशों में सस्ती चीनी कारें, ई-कॉमर्स सामान, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स की बाढ़ आ गई है, जिससे स्थानीय उद्योगों और नौकरियों पर दबाव बढ़ रहा है। चीन की घरेलू मांग कमजोर है और कई उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ चुकी है।



ऐसे में 60 करोड़ से अधिक आबादी और बढ़ते मध्यम वर्ग वाला लैटिन अमेरिका चीनी कंपनियों के लिए आकर्षक विकल्प बन गया है। पिछले साल अमेरिका को चीन का निर्यात करीब 20% घटा, जबकि लैटिन अमेरिका और अन्य क्षेत्रों को शिपमेंट बढ़ा। इंटर-अमेरिकन डायलॉग थिंक टैंक की एशिया-लैटिन अमेरिका प्रोग्राम निदेशक मार्गरेट मायर्स के अनुसार, लैटिन अमेरिका में क्रय शक्ति और वास्तविक मांग है, इसलिए चीन के लिए अतिरिक्त उत्पादन खपाने का यह सबसे आसान इलाका है।

**सस्ता ई-कॉमर्स, स्थानीय कारोबार पर मार :** लैटिन अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए सस्ते चीनी सामान राहत हैं।

### ऑटो सेक्टर में चीनी कंपनियों की तेज एंट्री

लैटिन अमेरिका के ऑटो हब मेक्सिको और ब्राजील में सस्ती चीनी कारों का दबाव बढ़ा है। बीवाईडी और जीडब्ल्यूएम जैसे ब्रांड तेजी से बाजार पकड़ रहे हैं। ब्राजील में 2024 में बिके ईवी का 80% से ज्यादा हिस्सा चीनी ब्रांड्स का था। वहीं मेक्सिको 6.25 लाख चीनी कारों के आयात के साथ सबसे बड़ा गंतव्य बन गया। यूबीएस के चीन ऑटो रिसर्च प्रमुख पॉल गोंग के मुताबिक, किफायती कीमतों और सरकारी समर्थन के कारण ईवी में चीन को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि, दोनों देशों की अपनी मजबूत ऑटो इंडस्ट्री है और वे प्रतिस्पर्धा को लेकर सतर्क हैं।

### तैयार माल से बढ़ता असंतुलन

चीन को ब्राजील का लिथियम, चिली का तांबा और पेरू का फिशमील चाहिए, लेकिन कई देशों के साथ व्यापार घाटा बढ़ रहा है। मेक्सिको का चीन के साथ घाटा 2024 में 120 अरब डॉलर तक पहुंचा। अर्जेंटीना का घाटा 2025 में 8.2 अरब डॉलर रहा। ब्राजील और चिली को कुछ अधिशेष जरूर है, लेकिन कुल मिलाकर चीन से आयात तेज है। 2014-23 के दौरान चीन ने लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में 153 अरब डॉलर के ऋण-अनुदान दिए अमेरिका से लगभग तीन गुना। पेरू का चांके मेगापोर्ट जैसे प्रोजेक्ट चीन की गहरी मौजूदगी दिखाते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं।
- हमारा बयां पैर हमारे दाएं पैर से बड़ा होता है।
- गिलहरी का एक दांत हमेशा बढ़ता रहता है।
- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।

## राशिफल

**मेष:** जमीन-जायदाद में अतिरिक्त धन का निवेश हो सकता है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अपने भाई की मदद लें।

**वृष:** आज दिन अनुकूल रहेगा। समय से गृहकार्य पूरा कर लेंगे। परिवार के लोगों के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा। नई चीजों को जानने के लिए उत्सुक रहेंगे।

**मिथुन:** आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापार उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। बोलने का तरीका बदलें और गुस्से पर भी काबू रखें।

**कर्क:** अचानक पैसा आपके पास अएगा, जो आपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ज़िद्दी व्यवहार न करें- इससे दूसरों को ठेस लग सकती है।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए आपको पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा।

**कन्या:** आज शत्रु पर विजय पाने में सफल रहेंगे। कन्या राशि वाले आज अगर शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो उसमें आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है।

**तुला:** अपनी ऊर्जा व्यक्तित्व-विकास के कार्यों में लगाएं, ताकि आप और भी बेहतर बन सकें। समूहों में शामिल होना दिलचस्प लेकिन महंगा हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज किसी बड़े काम में सफलता मिल सकती है। कॉस्मेटिक का कारोबार करने वाले इस राशि के लोगों को आर्थिक लाभ हो सकता है।

**धनु:** आज व्यापार में धन लाभ होगा। सितारा बुलंदी पर रहेगा। आने वाले अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आप अपने रिश्तों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहेंगे।

**मकर:** दिन के दूसरे भाग में आर्थिक लाभ होगा। नया पारिवारिक व्यवसाय शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए अन्य सदस्यों की भी मदद लें।

**कुंभ:** दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन:** आज सुबह कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्य क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## चुटकुले

टीचर: पप्पू, क्लास में इतना खुश क्यों है?
पप्पू: मैडम, आज टेस्ट नहीं है!
टीचर: ये खुशी की बात है?
पप्पू: मेरे लिए तो त्योहार है!

---

पत्नी: सुनो जी, मैं गुस्से में हूँ!
पति: क्यों?
पत्नी: तुम्हें पता होना चाहिए!
पति: यही तो प्रॉब्लम है!

---

दोस्त: भाई, आजकल फिट कैसे हो गया?
गोलू: डाइट पर हूँ!
दोस्त: क्या खाता है?
गोलू: सब कुछ, बस सोच में कम!

---

बॉस: काम कब तक होगा?
कर्मचारी: सर, जल्द ही।
बॉस: कितना जल्द?२
कर्मचारी: जैसे ही छुट्टी आएगी!

---

मोनू: मेरा फोन बहुत समझदार है।
गोलू: कैसे?
मोनू: गलत कॉल आते ही खुद कट कर देता है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पिछली बार की तुलना में खेल बजट में 1133 करोड़ रुपये की वृद्धि






**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को 2026-27 के लिए आम बजट पेश किया। इसमें युवा मामले और खेल मंत्रालय के आवंटन में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि की गई, जिसमें खेल सामग्री निर्माण क्षेत्र को बहुत लाभ हुआ है। पहली बार उन्हें 500 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। खेल मंत्रालय के लिए कुल बजट आवंटन 4479.88 करोड़ रुपये है जो 2025-26 के संशोधित आवंटन 3346.54 करोड़ रुपये से 1133.34 करोड़ रुपये अधिक है।

## खेल सामग्री उद्योग को बढ़ावा

सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च गुणवत्ता वाले और किफायती खेल सामग्री के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की भारत की क्षमता पर जोर दिया और इस तरह से खेल मंत्री मनसुख मांडविया के दृष्टिकोण का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मैं खेल सामग्री के लिए एक समर्पित पहल का प्रस्ताव करती हूं जिससे उपकरण डिजाइन के साथ-साथ खेल सामग्री के क्षेत्र में विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।' अभी तक के बजट में खेल सामग्री क्षेत्र से संबंधित कोई प्रावधान नहीं था। खेल मंत्रालय ने इस आवंटन का स्वागत किया और कहा कि खेल सामग्री उद्योग के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाएगी। इस पहल से 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत देश में खेल सामग्री निर्माण करने वाले स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## खेलो इंडिया को मिली इतनी राशि

सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 924.35 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इसके लिए पिछले वर्ष आवंटित राशि 1000 करोड़ रुपये थी, लेकिन अंतिम व्यय 700 करोड़ रुपये रहा। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सहायता राशि इस वर्ष 28.05 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 78 प्रतिशत की वृद्धि है। राष्ट्रमंडल खेल इस वर्ष जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। सीतारमण ने अगले दशक में प्रशिक्षण केंद्रों और प्रशिक्षकों के व्यवस्थित विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ह्यखेलो इंडिया मिशनह्ण शुरू करने के प्रस्ताव रखा जिससे जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की खोज के लिए सरकार के प्रमुख खेलो इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा।

सीतारमण ने कहा कि यह मिशन आपस में जुड़े विभिन्न माध्यमों से एकीकृत प्रतिभा विकास कार्यक्रम को सुगम बनाएगा। खेलो इंडिया कार्यक्रम 2017 में शुरू किया गया था और इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभा पहचान के लिए सभी आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना था। सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण के दौरान कहा, 'खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और नौकरी के अनेक अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम से खेल प्रतिभाओं को निखारने की पहल को आगे बढ़ाते हुए, मैं अगले दशक में खेल क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव करने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव करती हूं।' उन्होंने कहा, 'यह मिशन मूलभूत, मध्यवर्ती और विशिष्ट स्तरों के प्रशिक्षण केंद्रों के सहयोग से एकीकृत प्रतिभा विकास, प्रशिक्षकों और सहायक स्टाफ का व्यवस्थित विकास, खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एकीकरण, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और मंच प्रदान करने के लिए प्रतियोगिताएं और लीग का आयोजन तथा प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए खेल संरचना के विकास को सुगम बनाएगा।'

राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के लिए आवंटित बजट भी 78.64 करोड़ रुपये से घटाकर 46.98 करोड़ रुपये कर दिया गया है। राष्ट्रीय खेल विकास कोष में योगदान राशि को तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि सरकार ने इस वर्ष खिलाड़ियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 28 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40 करोड़ रुपये कर दिया है। राष्ट्रीय खेल संघों के लिए सहायता राशि में भी मामूली वृद्धि की गई है, जो 400 करोड़ रुपये से बढ़कर 425 करोड़ रुपये हो गई है। युवा और किशोर विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की धनराशि इस वर्ष 57.68 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 58.41 करोड़ रुपये कर दी गई है। युवा हॉस्टलों के आवंटन में बड़ी बढ़ोतरी की गई है। यह पिछले साल के 1.10 करोड़ रुपये की तुलना में इस साल 19.20 करोड़ रुपये कर दी गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना में भी भारी वृद्धि की गई है। इसे पिछले वर्ष के 275.00 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 357.39 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### साइ को मिला फायदा, डोपिंग एजेंसियों के बजट में कटौती

राष्ट्रीय शिविरों के आयोजन और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए सामग्री उपलब्ध कराने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिए आवंटित राशि को 880 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 917.38 करोड़ रुपये कर दिया गया है। देशभर के स्टेडियमों के रखरखाव और उनके उपयोग की जिम्मेदारी भी साइ की होती है। हालांकि, राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला और राष्ट्रीय डोपिंग-विरोधी एजेंसी का बजट क्रमशः 28.55 करोड़ रुपये से घटाकर 23 करोड़ रुपये और 24.30 करोड़ रुपये से घटाकर 20.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

# 22 साल के कार्लोस अल्काराज बने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, फाइनल में 38 साल के जोकोविच को हराया



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच का सामना स्पेन के कार्लोस अल्काराज से हुआ। एक तरफ युवा जोश और दूसरी तरफ अनुभव था, लेकिन अल्काराज का युवा जोश जोकोविच के अनुभव पर भारी पड़ा। अल्काराज ने 2-6, 6-2, 6-3, 7-5 से जोकोविच को हराया। यह अल्काराज का सातवां ग्रैंडस्लैम खिताब है। वहीं जोकोविच 25वें ग्रैंडस्लैम से फिर दूर रह गए।

पहला सेट जोकोविच ने 6-2 से अपने नाम किया था। पहले सेट में जोकोविच ने सर्विस और फॉर हेंड का जबरदस्त दम दिखाया। इसके बाद दूसरे सेट में अल्काराज ने जबरदस्त वापसी की और 6-2 से सेट अपने नाम किया। फिर तीसरे सेट में जोकोविच थके हुए नजर आए और इसका फायदा अल्काराज ने उठाया और 6-3 से जीत हासिल की। चौथा सेट अल्काराज ने 7-5 से जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया।

अल्काराज ने अब तक सात ग्रैंडस्लैम जीते हैं। यह उनका पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब है। अल्काराज पिछले साल भी ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन सिनर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार सिनर को जोकोविच सेमीफाइनल में हराकर बाहर कर चुके थे, जबकि अल्काराज ने सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था और अपना दम दिखाया था। यह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सबसे दिलचस्प मुकाबलों में से एक माना गया है।

### अल्काराज के 7 ग्रैंडस्लैम खिताबों में-

अल्काराज सबसे युवा करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले अल्काराज के लिए यह फाइनल उनके करियर का सबसे अहम अध्याय है। विंबलडन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन जीत चुके अल्काराज अब ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनने के साथ ही ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले छठे पुरुष खिलाड़ी बने। 22 साल की उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने राफेल नडाल (24) का रिकॉर्ड तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की। टेनिस में करियर ग्रैंड स्लैम का मतलब है कि एक खिलाड़ी अपने पूरे खेल करियर के दौरान सभी चारों प्रमुख टूनार्मेंट- ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन जीतता है। इसके लिए चारों टूनार्मेंट्स को एक ही कैलेंडर वर्ष में जीतना आवश्यक नहीं है। यह एक बेहद प्रतिष्ठित उपलब्धि है। जीत के साथ अल्काराज पीट सैम्प्रास और राफेल नडाल की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने वर्ल्ड नंबर-एक रहते हुए अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता। यह जोकोविच का 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल था। वह इसके फाइनल में पहली बार हारे हैं। इससे पहले 10 बार उन्होंने खिताब जीता था। यानी अल्काराज जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

# भारत की अनाहत ने वॉशिंगटन में पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता, शीर्ष वरीय केनेडी को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है।

जीत के बाद अनाहत ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूनार्मेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी। यह जीत 15 वर्षीय अनाहत के करियर का सबसे बड़ा खिताब है और पीएसए टूर पर उनका कुल 15वां खिताब है जो उन्होंने मात्र 26 टूनार्मेंटों में हासिल किया। दिल्ली की यह खिलाड़ी फिलहाल विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर है। सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत पिछले मुकाबले में केनेडी से हार गई थीं। उन्होंने फाइनल में अद्भुत संयम दिखाया। 8-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीतकर उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया और उसके बाद मुकाबले पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया।

# शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप: विदिशा की इशिका मीणा का शूटिंग बॉल टीम में चयन, वर्ल्ड कप में बढ़ाएंगी भारत का मान



**नई दिल्ली।** विदिशा जिले की होनहार खिलाड़ी इशिका मीणा ने खेल जगत में एक नई पहचान बनाते हुए जिले के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। इशिका का चयन भारतीय शूटिंग बॉल टीम में हुआ है और वे दूसरे शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खास बात यह है कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश से चुनी गई वे एकमात्र खिलाड़ी हैं।

शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप का आयोजन 1 से 3 फरवरी 2026 तक राजधानी नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में 18 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में इशिका मीणा को मुख्य अटैकर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इशिका मीणा की शैक्षणिक और खेल यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। वे विदिशा स्थित महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा रही हैं। उन्होंने बीपीईएस में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीएड की पढ़ाई कर रही हैं। खेल के क्षेत्र में इशिका लगातार सक्रिय रही हैं और अब तक सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की छह राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर चुकी हैं।

उनकी इस सफलता के पीछे शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं अनुभवी कोच जितेंद्र सिंह बघेल का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है, जिन्होंने इशिका की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई।

इशिका के चयन की खबर मिलते ही उनके स्कूल, खेल जगत और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वी टीच स्कूल प्रबंधन, खेल प्रेमी पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और खेल प्रेमियों ने इशिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के लिए पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं। विदिशा की यह बेटी आज युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

# 'ये हमारा फैसला नहीं', भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर सलमान आगा की प्रतिक्रिया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के टी20 कप्तान सलमान अली आगा ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में नहीं खेलने पर प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तानी सरकार ने रविवार को कहा था कि उनकी राष्ट्रीय टीम इस वैश्विक टूनार्मेंट में हिस्सा लेगी, लेकिन भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से हो रही है और भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं।

## मैच के लिए श्रीलंका जाएगी भारतीय टीम

भारत और पाकिस्तान के बीच ये मुकाबला श्रीलंका के कोलंबो में होना है। हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह ग्रुप चरण के इस मैच का बहिष्कार करेगी। वहीं, भारतीय टीम ने आईसीसी के प्रोटोकॉल का पालन करने का फैसला किया है और वह इस मैच के लिए श्रीलंका जाएगी। सूत्रों के अनुसार, भारत इस मैच के लिए अभ्यास करेगा और प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगा। टॉस के दौरान सूर्यकुमार यादव मैदान पर मौजूद रहेंगे और टीम इस बात का इंतजार करेगी कि मैच रेफरी मुकाबले को रद्द करें।

भारत के खिलाफ नहीं खेलने के फैसले पर आगा ने कहा कि खिलाड़ी इस बारे में निर्णय नहीं लेते हैं। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और पाकिस्तान सरकार के निर्देश का पालन करेंगे।

# टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों के लिए भारत ए टीम घोषित

## बदोनी करेंगे कप्तानी, तिलक-मयंक भी शामिल



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के लिए भारत ए टीम घोषित हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अमेरिका और नामीबिया के खिलाफ दो अभ्यास मैचों के लिए सोमवार को टीम का एलान किया है। भारत ए टीम की कमान आयुष बदोनी करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि चोट के कारण बाहर चल रहे तिलक वर्मा भी इस टीम में शामिल हैं। तिलक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

### सात फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

टी20 विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से हो रही है। इस टूनार्मेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब अपने नाम किया था और सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम इस वैश्विक टूनार्मेंट में खिताब का बचाव करने उतरेगी।

### सिर्फ एक मैच में खेलेंगे तिलक

बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया कि तिलक वर्मा टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम से जुड़ने से पहले एक अभ्यास मैच का हिस्सा होंगे। तिलक के पेट की सर्जरी हुई थी जिस कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवर की सीरीज का हिस्सा नहीं थे। तिलक बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ेंगे। अब तिलक का नाम भारत ए टीम में शामिल हो गया है जो इस बात के संकेत है कि वह टी20 विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

# रेसलमेनिया-42 की राह तय, ट्राइबल चीफ की दमदार वापसी







**रियाद।** रियाद में आयोजित डब्ल्यूडब्ल्यूई 2026 एक ऐसी रात बनकर सामने आया, जहां अतीत, वर्तमान और भविष्य का अनोखा संगम देखने को मिला। इस इवेंट ने जहां एक दिग्गज करियर का भावुक अंत दिखाया, वहीं दो ऐसे सुपरस्टार्स को भी जन्म दिया जो अब रेसलमेनिया-42 के मुख्य आकर्षण बनने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक रात का सबसे बड़ा नायक बने रोमन रेंस, जिन्होंने जीत के साथ रेसलमेनिया की राह अपने नाम कर ली।

## मेंस रॉयल रंबल: ट्राइबल चीफ की वापसी

मेंस रॉयल रंबल मुकाबला पूरी तरह रणनीति, ताकत और अनुभव की परीक्षा था। रोमन रेंस ऐसे समय में रिंग में उतरे, जब उनके पास साबित करने को कुछ नहीं था, लेकिन खोया हुआ साम्राज्य वापस पाने की भूख जरूर थी। मैच में कोडी रोड्स, ब्रॉक लेसनर जैसे दिग्गज मौजूद थे, लेकिन अंत में कहानी सिमटकर आई रोमन रेंस बनाम गुंथर पर अटक गई।

## गुंथर बनाम रेंस: ताकत और अनुभव की जंग

मेंस रॉयल रंबल के आखिर में 'द रिंग जनरल' गुंथर और ट्राइबल चीफ रोमन रेंस बचे। गुंथर ने इस दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और कई बार रोमन रेंस को बाहर करने के बेहद करीब पहुंच गए। ऑस्ट्रियन पावरहाउस की ताकत के सामने रेंस लड़खड़ाते जरूर दिखे, लेकिन बड़े मुकाबलों का अनुभव आखिरकार काम आया। अंतिम पलों में एक जोरदार स्पीयर के साथ रोमन रेंस ने गुंथर को टॉप रोप के बाहर फेंक दिया और अपने करियर की दूसरी रॉयल रंबल जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ रोमन रेंस के सामने कई रास्ते खुल गए हैं। वह डब्ल्यूडब्ल्यूई अनडिस्प्यूटेड चैंपियनशिप जीतकर फिर से खुद को हेड ऑफ द टेबल साबित कर सकते हैं या फिर सीएम पंक के खिलाफ पहली बार सिंगल्स मुकाबले में उतरकर ब्लॉकबस्टर मैच दे सकते हैं। सीएम पंक फिलहाल वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन हैं। रोमन किसी भी रास्ते को चुनें, एक बात साफ है, रेसलमेनिया 42 की राह अब एक बार फिर ट्राइबल चीफ से होकर ही जाएगी।

## विमेंस रॉयल रंबल: लिव मॉर्गन ने दिखाया दम

वुमेंस रॉयल रंबल मुकाबला रात का सबसे अप्रत्याशित मैच साबित हुआ। निक्की बेला की जुड़वा बहन और दिग्गज रेसलर ब्री बेला की सरप्राइज वापसी ने दर्शकों में पुरानी यादें ताजा कर दीं। ब्री बेला ने चार साल बाद भी अपनी क्लास दिखा दी, लेकिन इस मैच की असली नायिका बनीं लिव मॉर्गन।

नंबर 14 पर एंट्री करने वाली लिव मॉर्गन ने हर चुनौती का डटकर सामना किया। लैश लीजेंड की आंधी में चार सुपरस्टार्स बाहर हुईं, लेकिन मॉर्गन टिके रहीं। आखिरी क्षणों में टिफनी स्ट्रैटन और सोल रूका के साथ त्रिकोणीय संघर्ष हुआ। स्ट्रैटन द्वारा रूका को बाहर करने के बाद, मॉर्गन ने बिजली की तेजी से ओब्लिवियन मूव लगाकर जीत अपने नाम की। यह जीत लिव मॉर्गन के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिनी जा रही है।


### एजे स्टाइल्स की भावुक विदाई



रात का सबसे भावनात्मक पल आया एजे स्टाइल्स बनाम गुंथर मुकाबले में। यह मैच स्टाइल्स के करियर पर दांव था। स्टाइल्स ने 450 स्प्लैश और स्टाइल्स क्लैश जैसे दांव खेले, लेकिन गुंथर की क्रूरता भारी पड़ी। गुंथर ने स्लीपर होल्ड लगाया और स्टाइल्स ने टैप आउट करने से इनकार करते हुए बेहोश होना चुना। घंटी बजते ही यह साफ हो गया कि एजे स्टाइल्स का डब्ल्यूडब्ल्यू करियर समाप्त हो चुका है।

### भारत से नहीं खेलने के पाकिस्तान के फैसले पर बीसीसीआई ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान को लेकर प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ ग्रुप चरण का मैच खेलने से इनकार कर दिया है। इस मामले को लेकर आईसीसी ने भी हस्तक्षेप किया है और उसका कहना है कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक सूचना का इंतजार कर रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को कोलंबो में मुकाबला खेला जाना है। भारत और पाकिस्तान के बीच ये मुकाबला श्रीलंका के कोलंबो में होना है। हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह ग्रुप चरण के इस मैच का बहिष्कार करेगी।




# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय शारदा रानी साधना को शोक सभा में श्रद्धांजलि




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीशसाधना की धर्मपत्नी शारदा रानी साधना का निधन 23 जनवरी को हो गया था। सोमवार 2 फरवरी को स्वर्गीय शारदा रानी साधना की शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में राजनीति, समाजसेवा, व्यापार मंडल और आरडब्लूए के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय शारदा रानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में पहुंचे सभी गणमान्यों लोगों ने साधना परिवार के शोकाकुल सदस्यों को सांत्वना भी दी।




## टेबलेट की जांच लाएगी कईयों पर आंच

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई मामले इतनी बड़ी खबर बनते हैं कि अधिकारी भी हैरान हो जाते हैं। वैसे ही इन दिनों पासपोर्ट की वेरिफिकेशन के मामले की चर्चाएं चारों तरफ सुनाई दें रही हैं। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात वाले जोन में एक थाने में एक ही पते पर 22 पासपोर्ट बनने का मामला सामने आया है, उसे न सिर्फ सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं बल्कि सिस्टम पर भी अब धीरे-धीरे पड़ताल शुरू हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों ने बताया है कि कोविड के बाद से पासपोर्ट की फिजिकल वेरीफिकेशन वाला काम एलआईयू से लगभग समाप्त सा हो चुका था। यही वजह है कि पहले सिविल पुलिस पासपोर्ट की वेरिफिकेशन करती थी और फिर इन कागजों को लोकल इंटेलीजेंस के जरिए भी जांचा और फरखा जाता था लेकिन मामला अब टैबलेट वाला चल रहा था। सुनने में आ रहा है कि बटन दबाते ही तकनीक का कमाल होता था और पासपोर्ट की अन्य जांच वाली कार्रवाई पूरी होनी शुरू हो जाती थी। अब इन सबके बीच



जानकारी मिली है कि जिस तरीके से देहात वाले थाने का मामला आया है। तो उसमें थाने के कई चेहरे इसकी आंच में आ गए हैं। बताएं जा रहा है कि थाने में कुछ लोगों ने छुट्टी वाला सिलसिला शुरू कर दिया है। तो जानकारी मिल रही है कि देहात वाले थाने का मामला आने के बाद अब कई थाने में पासपोर्ट के रजिस्टर को लेकर सर दर्द वाली और टेंशन बढ़ने शुरू हो गई है। यहां पर यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पासपोर्ट को लेकर पहले भी मैनेजमेंट वाला मामला चलता चला आया है। वहीं पासपोर्ट देखने वाले मुंशी और हेड कांस्टेबल की कलम थाने के प्रभारी जैसी चलती है। बताया जा रहा है कि सरकार ने तो पासपोर्ट के वेरिफिकेशन को मजबूत और फास्ट करने का प्रयास किया था लेकिन तकनीक का इस्तेमाल करनी वाली खाकी किसी और के चक्कर में पड़ गई थी। इधर सुनने में आया है कि सोमवार को खुफिया वाले साहब लंबे समय तक मुख्य कार्यालय में बैठे। साथ ही अधिकारियों से वातार्लाप की गई है। बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में पासपोर्ट वेरीफिकेशन को लेकर कई बड़े बदलाव और सुधार भी देखने को मिल सकते हैं। इन सबके बीच कहा जा रहा है कि कई पुलिसकर्मी इस पासपोर्ट वाले मामले पर रडार पर जल्द ही आएंगे।

# धौलाना-58 के नाहल गांव में बीएलओ बनकर फर्जीवाड़ा, मतदाता सूची से छेड़छाड़ का आरोप

**सपा का आरोप:** एक दल से जुड़े लोगों ने फॉर्म-7 के नाम पर रची साजिश, पुलिस ने मौके पर पकड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जनपद के धौलाना विधानसभा क्षेत्र-58 अंतर्गत नाहल गांव में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान लोकतंत्र की बुनियाद से छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भारत निर्वाचन आयोग के जागरूकता अभियान की आड़ में एक दल से जुड़े संदिग्ध लोगों ने स्वयं को बीएलओ बताकर मतदाता सूची में हेरफेर का प्रयास किया।

सपा के अनुसार, सुबह के समय दो पुरुष और एक महिला गांव में पहुंचे और खुद को बीएलओ से जुड़ा बताकर ग्रामीणों से फॉर्म संख्या-7 पर हस्ताक्षर कराने लगे। शुरूआत में कुछ लोग भ्रमित हुए, लेकिन नाहल गांव की बीएलओ सुनीता ने उनकी गतिविधियों पर संदेह जताते हुए पहचान की मांग की, जिसके बाद पूरा मामला संदिग्ध हो गया।

सूचना मिलते ही गांव के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और संदिग्धों की तलाशी ली। सपा का आरोप है कि तलाशी के दौरान उनके पास से फर्जी कागजात बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुद को एक दल के प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताने का दावा किए जाने से राजनीतिक माहौल गरमा गया।

घटना की जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और महानगर महासचिव राजन कश्यप सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। पार्टी नेताओं ने प्रशासन से बातचीत कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।



सपा नेताओं का कहना है कि यदि समय रहते ग्रामीणों और बीएलओ ने सतर्कता न दिखाई होती, तो मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा सकती थी। मौके पर नायब तहसीलदार, लेखपाल और क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। बीएलओ की ओर से पूरे मामले को लेकर शिकायती पत्र भी सौंपा गया है।

‘मतदाता सूची से छेड़छाड़ लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश है। एक दल से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप हैं, प्रशासन को बिना दबाव निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।’

**फैसल हुसैन, जिला अध्यक्ष, सपा**





‘यह मामला बेहद गंभीर है। अगर समय पर पकड़ न होती तो बड़ा फजीर्वाड़ा हो सकता था। समाजवादी पार्टी इस मामले को दबने नहीं देगी।’

**वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, सपा**

समाजवादी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराते हुए इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। पार्टी ने साफ किया है कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूरे मामले पर सपा कड़ी निगरानी बनाए रखेगी।

## गाजियाबाद में डिपार्टमेंटल स्टोर में लगी भयंकर आग, लाखों रुपये का घरेलू और व्यापारिक सामान जलकर राख




गाजियाबाद। करंट क्राइम। यहां के मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलामत गेट स्थित एक डिपार्टमेंटल स्टोर में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरी मार्केट में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Ravindra Tyagi
18m

आज मेरी स्वर्गीय पत्नी उमेश का जन्मदिन है। मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ कि आप मेरे जीवन में आईं, मेरा परिवार पूर्ण किया, हम सबका ख्याल रखा, और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और शिक्षा दी। आज भी आप हमारे दिलों में जीवित हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि आपकी आत्मा प्रभु के चरणों में स्थान पाए। आपकी यादों के साथ हम आपको हर पल याद करते हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जीवन के सफर में हमसफर का हमेशा के लिए बिछड़ना एक दुखद एहसास होता है। रविंद्र त्यागी की पत्नी उमेश अब भली ही इस नश्वर दुनिया में नहीं है लेकिन वह हमेशा एक एहसास के साथ रविंद्र त्यागी के साथ है। यह एक वजह है यह एक एहसास है यह एक संबंध है जो रविंद्र त्यागी पूरी शिद्दत से निभाते हैं। स्वर्गवासी पत्नी के जन्मदिन को हमेशा याद रखते हैं और अपनी स्वर्गीय पत्नी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। पति-पत्नी के प्यार के पावन एहसास को मधुर यादों के साथ अपने आप में समाहित किए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के गाजियाबाद आने पर पहुंच उनसे मिलने लोग





गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद के पूर्व सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह सोमवार को गाजियाबाद आये। वो अपने राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने आम जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उनसे मिलने के लिए काफी लोग पहुंचे। जनरल वीके सिंह ने इस दौरान सभी लोगों से मुलाकात की और उनसे विभिन्न मुद्दों पर बात भी की। मिजोरम के राज्यपाल जब अपने आवास पर आये तो यहां पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे।

# भ्रष्टाचार मामलों में बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को 10 साल की जेल



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को ढाका की स्पेशल जज कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने भ्रष्टाचार से जुड़े दो मामलों में 10 जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ कोर्ट ने उनके परिवार के सदस्यों को भी सजा सुनाई है। बता दें कि, शेख हसीना पर जमीन आवंटन में नियमों के उल्लंघन का आरोप है।

बांग्लादेश की एक अदालत ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कुल 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। ये मामले सरकार की एक आवासीय योजना में जमीन के आवंटन में गड़बड़ी से जुड़े हैं। ढाका की स्पेशल जज कोर्ट-चार के जज रबीउल आलम ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोनों मामलों में शेख हसीना को पांच-पांच साल की सजा दी।

## भारत में रह रही हैं शेख हसीना

शेख हसीना फिलहाल भारत में रह रही हैं। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद वे देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इससे पहले अदालत उन्हें भगोड़ा भी घोषित कर चुकी है।

## भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने दर्ज किए थे केस

ये दोनों मामले बांग्लादेश के भ्रष्टाचार विरोधी आयोग (एसीसी) ने दर्ज किए थे। आयोग का कहना है कि जमीन आवंटन में सत्ता का गलत इस्तेमाल किया गया और तय नियमों का उल्लंघन हुआ।

## जमीन आवंटन में नियमों के उल्लंघन का आरोप

ये मामले राजधानी ढाका के पास पूबाचील इलाके में चल रही राजुक न्यू टाउन परियोजना से जुड़े हैं। आरोप है कि वहां दो 10-काठा के प्लॉट गलत तरीके से आवंटित किए गए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों को तोड़ा और जमीन आवंटन की प्रक्रिया में हेरफेर की। यह परियोजना राजधानी विकास प्राधिकरण (राजधनी उन्नयन कर्तृपक्खा) यानी राजुक के तहत आती है।

## परिवार के सदस्यों को भी सजा

इन मामलों में शेख हसीना के साथ उनके परिवार के कई सदस्यों को भी दोषी ठहराया गया है। इसमें तुलिप सिद्दीकी को कुल चार साल की जेल, रदवान मुजीब सिद्दीकी और अजमीना सिद्दीकी को सात-सात साल की जेल की सजा मिली है। वहीं राजुक के सदस्य मोहम्मद खुर्शीद आलम, जिन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया था, को दो साल की सजा मिली है। सभी दोषियों पर एक लाख टका जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न देने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

# ईरान ने यूरोपीय संघ के राजदूतों को किया तलब



**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के राजदूतों को बुलाकर रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी घोषित करने का विरोध किया है। यह तनाव ईरान में प्रदर्शनों पर हुई हिंसक कार्रवाई के बाद बढ़ा है। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्धपोत तैनात किए हैं, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई और सैन्य अभ्यास की चेतावनी दी है। ईरान और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने तेहरान में मौजूद यूरोपीय संघ के राजदूतों को तलब किया है। ईरान ने यह कदम यूरोपीय संघ के उस फैसले के विरोध में उठाया है, जिसमें उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने ईयू के इन फैसले पर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर की। ईरान का कहना है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला पूरी तरह से गलत और उकसाने वाला है।

# वाल्मीकि समाज-संघ समन्वय को लेकर कानपुर में संयुक्त बैठक, प्रमुख मुद्दों पर रखी गई मांगें



**कानपुर नगर।** 1 फरवरी को कानपुर नगर में उत्तर प्रदेश के वाल्मीकि समाज के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष बब्बन रावत द्वारा किया गया। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ वाल्मीकि समाज के समन्वय को मजबूत करना रहा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के प्रांत प्रचारक राम जी भाई उपस्थित रहे। इसी अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जयंती कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें उपस्थित जनों ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में उत्तर प्रदेश से वाल्मीकि समाज की ओर से प्रदीप चौहान को प्रमुख रूप से बोलने का अवसर मिला। अपने संबोधन में प्रदीप चौहान ने कहा कि वाल्मीकि समाज सदियों से हिंदुत्व का रक्षक रहा है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भारतीय जनता पार्टी के साथ उसकी वैचारिक प्रतिबद्धता ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म और समाज पर संकट आया, वाल्मीकि समाज पूरी निष्ठा के साथ हिंदू समाज के साथ खड़ा रहा। बैठक में वाल्मीकि समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे संघ के समक्ष रखे गए, जिनमें उत्तर प्रदेश में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन, विधान परिषद, राज्यसभा, मंत्रिमंडल एवं भाजपा संगठन में वाल्मीकि समाज को समुचित प्रतिनिधित्व, उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा, महिला सफाई कर्मियों के ड्यूटी समय में परिवर्तन, आंबेडकर-वाल्मीकि आवास योजना के तहत झुग्गियों में रहने वाले कर्मचारियों को आवास उपलब्ध कराने जैसी मांगें शामिल रहीं। इसके साथ ही कानपुर के स्वतंत्रता सेनानी गंगू मेहता की आदमकद प्रतिमा प्रमुख चौराहे पर स्थापित करने की मांग भी उठाई गई। सामाजिक विषयों पर बोलते हुए बेटियों की सुरक्षा, धर्मांतरण पर रोक, आरक्षण की रक्षा, जनसंख्या संतुलन और समाज को स्वावलंबी बनाने पर भी जोर दिया गया।

प्रांत प्रचारक राम जी भाई ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को आश्वस्त किया कि सरकार वाल्मीकि समाज के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और रखे गए विषयों को शीघ्र ही सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

बैठक में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, उत्तर प्रदेश महादलित परिषद, महादलित संघ, स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ और उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ सहित भाजपा के सहयोगी संगठनों की उपस्थिति रही। बैठक को वाल्मीकि समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी लाभ देने वाली माना जा रहा है।

# एसआईआर अभियान को गति देने हेतु भाजपा महानगर कार्यालय नेहरू नगर में बैठक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) अभियान के तहत मतदाता सूची को त्रुटिरहित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर कार्यालय नेहरू नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मयंक गोयल ने की।

बैठक में आगामी तीन दिनों को निर्णायक बताते हुए बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर फार्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता सूची की शुद्धता से जुड़ी है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में जिम्मेदारी के साथ जुटा है।

उन्होंने कार्यकताओं से युवाओं, नवविवाहितों, नए स्थान पर आए नागरिकों और अब तक सूची से वंचित पात्र मतदाताओं तक पहुँच बनाकर उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने का आह्वान किया। साथ ही संगठनात्मक समन्वय, अनुशासन और समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर महामंत्री पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, अभियान महानगर संयोजक सुभाष चंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित भाजपा महानगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 22 फर्जी पासपोर्ट मामले में खुफिया एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई

## सेंट्रल इंटेलिजेंस की टीम गाजियाबाद पहुंची गिरफ्तार मां-बेटा अफगानिस्तान के निकले





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भोजपुर थानाक्षेत्र के एक पते पर तैयार किए गए 22 फर्जी पासपोर्ट के सनसनीखेज मामले में अब जांच ने गंभीर मोड़ ले लिया है। सोमवार को सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी की एक उच्चस्तरीय टीम गाजियाबाद पहुंची और स्थानीय पुलिस व क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर मामले से जुड़े हर पहलू की गहन जांच शुरू की। खुफिया एजेंसी की टीम ने थाना भोजपुर, पासपोर्ट कार्यालय से जुड़े रिकॉर्ड, पते के सत्यापन दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और पुलिस रिपोर्ट्स की बारीकी से पड़ताल की। इस दौरान जांच एजेंसी ने अब तक हुई पुलिस कार्रवाई और तकनीकी साक्ष्यों की भी समीक्षा की।

जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि इस पूरे फजीर्वाड़े के मास्टरमाइंड के तौर पर पकड़े गए मां और बेटा मूल रूप से अफगानिस्तान के नागरिक हैं। दोनों ने कथित तौर पर फर्जी आधार, राशन कार्ड और अन्य पहचान पत्रों के जरिए भोजपुर क्षेत्र का पता दिखाकर भारतीय पासपोर्ट बनवाए। सूत्रों के मुताबिक, इन पासपोर्टों का इस्तेमाल विदेश यात्रा, पहचान बदलने और संभावित अवैध गतिविधियों के लिए किया जा सकता था, जिससे मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ माना जा रहा है।





पासपोर्ट सत्यापन करने वाले कर्मचारियों पर भी गिरी गाज

## सत्यापन प्रक्रिया पर उठे सवाल

**करंट क्राइम :** इस मामले के सामने आने के बाद पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया में शामिल पुलिसकर्मियों और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी ने सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारियों की सूची तलब कर ली है और इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि फर्जी दस्तावेज कैसे पास हुए, कितने मामलों में एक ही पता इस्तेमाल हुआ और किन स्तरों पर लापरवाही या मिलीभगत रही। फिलहाल इस केस की जांच क्राइम ब्रांच, लोकल पुलिस और सेंट्रल इंटेलिजेंस के संयुक्त समन्वय से आगे बढ़ रही है। खुफिया एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि क्या इस गिरोह का नेटवर्क अन्य जिलों या राज्यों में भी फैला है, और क्या इस तरह के फर्जी पासपोर्ट पहले भी बनाए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां, अधिकारियों पर कार्रवाई, और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन सामने आ सकते हैं। फिलहाल खुफिया एजेंसियों की सख्त निगरानी में जांच जारी है और पूरे मामले को हाई अलर्ट कैटेगरी में रखा गया है।

# ईरान से डील की उम्मीद, वरना सच साबित होगी खामेनेई की क्षेत्रीय युद्ध की चेतावनी : ट्रंप

**वॉशिंगटन डीसी।** मध्य पूर्व में बढ़ता अमेरिका-ईरान तनाव वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौते की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि वे युद्ध के बजाय बातचीत से रास्ता निकालना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि ईरान वाशिंगटन के साथ समझौता कर लेगा। ट्रंप ने यह बात फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो आवास पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य टकराव के बजाय कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दे रहा है।

**खामेनेई की चेतावनी पर ट्रंप की प्रतिक्रिया :** ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की उस चेतावनी पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका के साथ कोई भी संघर्ष क्षेत्रीय युद्ध में बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा अमेरिका ने क्षेत्र में दुनिया के सबसे शक्तिशाली युद्धपोत और सैन्य संसाधन तैनात किए हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर समझौता नहीं हो पाता है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि खामेनेई की चेतावनी कितनी सही थी।

**ईरान ने लगाया आरोप :** इससे पहले ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट साझा कर अमेरिका को कड़े शब्दों में आगाह किया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह समझ लेना चाहिए कि कोई भी युद्ध केवल एक सीमा तक सीमित नहीं रहेगा। खामेनेई ने जोर देकर कहा कि ईरान युद्धपोतों या विमानों की धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने अमेरिका पर



आरोप लगाया कि वह ईरान के तेल, गैस और समृद्ध खनिज संसाधनों पर फिर से नियंत्रण हासिल करना चाहता है।

खामेनेई ने कहा कि ईरान खुद युद्ध की शुरूआत नहीं करेगा, लेकिन किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका दशकों पहले ईरान की राजनीति और सुरक्षा पर अपना कब्जा खो चुका है और अब वह वापसी का रास्ता तलाश रहा है। उनके अनुसार, ईरानी राष्ट्र अमेरिकी उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहेगा।

**ईरान के सचिव अली लारीजानी दिए सकारात्मक संकेत :** तनाव के इन हालातों के बीच ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने कुछ सकारात्मक संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए जरूरी ढांचा तैयार किया जा रहा है और तैयारियां आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने मीडिया में चल रही युद्ध की सनसनीखेज खबरों को गलत बताया। फिलहाल, अमेरिकी नौसेना का एक विशाल बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान संभावित सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बातचीत के लिए तैयार हो सकता है।

# जोहरान ममदानी का न्यूयॉर्क में विरोध एपस्टीन विवाद से जुड़ा है मां मीरा नायर का नाम

**नई दिल्ली।** एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज सामने आने के बाद न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी को ग्रेसी मैंशन के बाहर विरोध झेलना पड़ा। दस्तावेजों में उनकी मां, फिल्ममेकर मीरा नायर का नाम 2009 की एक ईमेल में दर्ज है। प्रदर्शनकारियों ने समर्थन के बावजूद धोखा देने का आरोप लगाया।

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी को ग्रेसी मैंशन के बाहर कुछ लोगों के विरोध और नारेबाजी का सामना करना पड़ा। यह घटना अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जेफ्री



एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने के बाद सामने आई, जिनमें उनकी मां और मशहूर फिल्ममेकर मीरा नायर का नाम एक ईमेल में दर्ज है।

मेयर के आधिकारिक आवास ग्रेस मैंशन के बाहर जुटे लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने ममदानी का समर्थन किया था, लेकिन अब उन्हें धोखा महसूस हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमने आपके लिए वोट किया, आपके लिए आवाज उठाई लेकिन आपने हमसे झूठ बोला।

यह विवाद 21 अक्तूबर 2009 की एक ईमेल से जुड़ा है, जो अमेरिकी पब्लिसिस्ट पेगी सीगल द्वारा भेजी गई थी। ईमेल में दोषी यौन तस्कर घिसलेन मैक्सवेल के टाउनहाउस में आयोजित एक फिल्म स्क्रीनिंग के बाद हुए आफ्टर पार्टी का जिक्र है।




# वरिष्ठ सपा नेता मूल चंद यादव की पुत्री के विवाह का मंगल कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ सपा नेता मूल चंद यादव की पुत्री सारिका यादव के शुभ विवाह का मंगल कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हुआ। एक प्रतिष्ठित बैंकट हॉल में आयोजित मेहंदी संगीत तथा हल्दी रस्म के कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने मूल चंद यादव की पुत्री सारिका को उनके विवाह की शुभकामनांए देते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। मंगल कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

## यूजीसी एक्ट के विरोध में डॉ उदिता त्यागी आमरण अनशन पर बैठीं

**■ जंतर-मंतर और जिला मुख्यालय जाने से रोके जाने का आरोप, पुलिस रवैये पर जताया आक्रोश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूजीसी एक्ट के विरोध में आंदोलन कर रहीं डॉ उदिता त्यागी सोमवार को अपने आवास के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने के बावजूद उन्हें जंतर-मंतर और जिला मुख्यालय तक जाने से पुलिस द्वारा रोका गया।



डॉ उदिता त्यागी ने कहा कि यूजीसी एक्ट हिंदू समाज और शैक्षणिक स्वायत्तता के खिलाफ है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और उनका उद्देश्य अपनी बात लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुँचाना है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा किए गए व्यवहार से वह मानसिक रूप से आहत हुईं और इसी के चलते उन्हें अपने घर के बाहर आमरण अनशन का निर्णय लेना पड़ा। डॉ उदिता त्यागी ने कहा कि यह कदम किसी दबाव में नहीं, बल्कि यूजीसी एक्ट के विरोध में आखिरी संवैधानिक विकल्प के तौर पर उठाया गया है। डॉ उदिता त्यागी ने यह भी कहा कि जब तक यूजीसी एक्ट को वापस नहीं लिया जाता या सरकार इस पर स्पष्ट वार्ता नहीं करती, तब तक उनका विरोध और अनशन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें शांतिपूर्ण विरोध करने दिया जाए।



**प्रार्थना सभा**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारी प्रिय माँ, नानी एवं दादी

**श्रीमती अमर देवी जी**

धर्मपत्नी स्व. श्री विजयपाल सिंह
(पुण्यतिथिरू २३. ०१. २०२६)
का स्वर्गवास हो गया है।

ममता और धैर्य उनकी पहचान थे।
आज देह मौन हैए पर स्मृतियाँ
सदा हमारे हृदय और आचरण में जीवित रहेंगी।
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु
तेरहवीं संस्कारए ब्रह्म भोज एवं प्रार्थना सभा
निम्नानुसार आयोजित की गई है -
ब्रह्म भोजः दोपहर १२: ०० बजे
प्रार्थना सभाः दोपहर २:०० से ३: ०० बजे
दिनांक : 3 फरवरी
स्थानः BLISS PREMIER, Sukhrali Enclave, Sector 17, Gurugram

Sh. Aridaman Singh, +91 9810380528, +91 9818547310, +91 9810304120

## शिवशक्ति धाम डासना और डॉ. उदिता त्यागी का आवास बना पुलिस छावनी

**■ यूजीसी एक्ट के विरोध में आमरण अनशन, जंतर-मंतर और जिला मुख्यालय जाने से रोके जाने का आरोप**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूजीसी एक्ट के विरोध में चल रहे आंदोलन के बीच शिवशक्ति धाम डासना और डॉ उदिता त्यागी का आवास सोमवार को पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बीच डॉ उदिता त्यागी ने अपने आवास के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया। डॉ उदिता त्यागी ने आरोप लगाया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर और जिला मुख्यालय जाकर अपना विरोध दर्ज कराना चाहती थीं, लेकिन पुलिस द्वारा उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए, जिसके बाद उन्हें आमरण अनशन जैसा कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



डॉ उदिता त्यागी ने कहा कि यूजीसी एक्ट हिंदू समाज के अस्तित्व और शैक्षणिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने इसे 'हिन्दुओं का डेथ वारंट' करार देते हुए स्पष्ट किया कि वह अपनी अंतिम सांस तक इस कानून का विरोध करती रहेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा अपनाए गए रवैये से वह मानसिक रूप से आहत हुई हैं और इसी हताशा व निराशा के माहौल में उन्होंने आमरण अनशन का निर्णय लिया।

डॉ उदिता त्यागी के समर्थन में यति नरसिंहानंद गिरी महाराज भी खुलकर सामने आए। उन्होंने शिवशक्ति धाम डासना के मुख्य द्वार पर आमरण अनशन शुरू कर दिया। यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हिंदू समाज के अधिकारों और स्वतंत्रता से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि जब तक यूजीसी एक्ट को लेकर सरकार स्पष्ट जवाब नहीं देती और दमनात्मक रवैया समाप्त नहीं होता, तब तक आंदोलन और अनशन जारी रहेगा। प्रशासन से अपील की गई कि शांतिपूर्ण विरोध के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान किया जाए और अनावश्यक पुलिस दबाव तुरंत हटाया जाए।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाल ही में राष्ट्रीय लेवल पर मजबूत हुआ है भगवा हातम जी का नाम? हमने सोचा जब आयेंगे साहब तो इस बधाई को लेकर वो होंगे उनके आस-पास विराजमान? मगर घर पर नहीं हुए उनके दीदार? जब वो एक सामाजिक कार्यक्रम में मिले तो हमने उनकी उपस्थिति को लेकर पूछ लिया यार? उन्होंने कहा कि मुझको नहीं मिली साहब के आने की जानकारी? नहीं तो ऐसा हो ही नहीं सकता? जहां साहब हों वहां मैं और मेरा पहुंचे ना यारी? उनकी बातों को सुनकर लग रहा था कम्यूनिकेशन गैप की वजह से घटी है घटना सारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जैसे ही विधायक जी जल्दी से आकर जल्दी से शोकसभा से जाने लगे? तो पीछे पीछे क्यों जल्दी जा रहे हो? ये सवाल उनके पीछे आने लगे? विधायक जी ने चेहरे पर लेकर मुस्कुराहट दिया अपने प्यारों को जवाब? कहा मुझे हकीकत में जल्दी निकलना है? क्योंकि आ रहे हैं साहब? अब विधायक जी कर गये समर्थकों से कौन से साहब की बात? इस बात का कार्यकर्ता लगाते रहे हिसाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों हो रही है एक खेमें में 12 हजार की चर्चा? कहने वाले कह रहे हैं इस 12 हजार ने किया है कईयों का मजबूत पर्चा? हमने देखा इस बात पर विधायक जी ने भी मारा था वाटरमैन पर ताना? तब वाटर मैन ने कहा आपको गलत सूचना है मैंने नहीं भरा है ऐसा कोई भी हर्जाना? आप दे सकते हो कोई भी कसम? कुछ भी हो जाये हम तो आप ही के हैं सनम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टीटू भैया के पास है ऑल रूट पास? इसलिए उन्हें नहीं हो सकता है कोई भी पोलिटिक्ल नुकसान? वो गर्ग साहब के साथ बैठकर भी चाय पी सकते हैं? साहब के पास भी पहुंच कर वेलकम वाली दे सकते हैं मुस्कान? कहने वाले ने कहा काश टीटू जी जैसा होता हमारे पास भी ऑल रूट वाला पास? कभी-कभी संशय और संकट में डाल देता है भगवा होने का एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बता रहे हैं आपको साहब के यहां की अपडेट? यहां बडे बडे नेताओं को करना पड़ रहा था साहब से व्यक्तिगत मुलाकात के लिए इंतजार? वहीं केडी भैया के लिए अधिकारी खोल देते थे गेट? हमने देखा केडी भैया ने अपनी इस पॉवर से तेवतिया के लिए भी खुलवाये अंदर के द्वार? हमें ये देखकर एहसास हो गया कि केडी भैया का यहां पर जलवा है जोरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर कार्यालय पर चल रही थी मीटिंग? यहां पर थी नदिया पार वाले त्याग की भावना से ओतप्रोत सुधीर जी की भी सिटिंग? वो करा रहे थे क्षेत्र में बिरादरी वाले बसंत की बहार आने का एहसास? कह रहे थे कि अगर वो बने अध्यक्ष तो देखना महामंत्री वाला पद आयेगा हमारे हाथ? ये सुनकर भारद्वाज जी ने लगा दिया उनके शब्दों पर ब्रेक? कहा ये भगवागढ़ की राजनीति है? यहां नहीं लगते हैं एक ही बिरादरी के इतने सारे टेक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहली बार हमें लोनी वाले भगवा प्रधान जी की बॉडी लैंग्वेज लग रही थी डाउन? वो अपनी बातों से महसूस करा रहे थे कि उम्मीद के अनुसार नहीं आ रहा है हमारे वालों के पास क्राउन? वो निकाल रहे थे अलग ही अंदाज में अपने शब्दों का मोशन? कह रहे थे इतना जरूर है कि उनका होगा प्रमोशन? उनके शब्दों से हो रहा था हमको अंदर की बातों का ज्ञान? वो करते हैं उनका शिद्दत से सम्मान? इस बात की हर कोई रखता है पहचान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात गोयल साहब तक पहुंचा देना यार? जैन साहब का मजबूत चल रहा है एमएलसी चुनाव को लेकर ऊपर तक मजबूत किरदार? उनसे किसी ने पूछा था ये सवाल? अगर शिक्षक में बात नहीं बनी तो क्या स्नातक में नहीं रखें हम आपका ख्याल? इस बात को सुनकर आ गई थी उनके चेहरे पर मुस्कान? उन्होंने कहा आप जो चाहो वो हम मान लेंगे? आपके आदेश हमारे लिए सर्वप्रिय हैं श्रीमान? सुना है कोई गर्ग साहब रख रहे हैं इस पूरे मैटर में उनका ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक पदाधिकारी दे रहे हैं ऊपर सबको महानगर की तीनों सीटों पर ब्राह्मण विधायक होने की जानकारी? त्यागी फैक्टर को भी वो देते हैं यही वाला नाम? उन्होंने किसी का तो काम तमाम करने के लिए बनाया हुआ है ये वाला प्लान? इस प्लान की जिज्ञासा को जानने के लिए एक चेहरा पहुंचा पूर्व ब्राह्मण विधायक के पास? उसने बताई फिर सारी बात? ये सुनकर आ गई पूर्व वालों के चेहरे पर मुस्कुराहट? वो बोले त्यागी और हमारी होती है एक ही बात? शब्दों को सुनकर लगा पदाधिकारी का चल जायेगा इन शब्दों पर दांव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों भगवागढ़ में क्रासिंग वाली मैडम ठकुराइन की चर्चा हो रही है आम? कहने वाले कह रहे हैं कि ये समाजिक और राजनीतिक रूप से इतनी ज्यादा एक्टिव हो गई हैं कि छोड़ ही नहीं रही हैं कोई प्रोग्राम? सोमवार को हुई एक बड़ी शोकसभा में भी मैडम की देर तक सिटिंग का चल रहा था जिक्र? कहने वाले ने कहा हमें तो अब बस यही डर लगा रहता है कि करने वाला टीम में आने के लिए इनकी करेगा या नहीं करेगा फिक्र?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## चोरी की बाइक के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एवं मुखबिर की सूचना पर दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया तथा इनसे दिल्ली से चोरी की गई बाइक भी बरामद हुई है।




पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों वाहन चोर सरगनाओं को जेल भेज दिया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोरों को धर दबोचा।

पूछताछ में बाइक चोरी की निकली तथा दिल्ली के एमवी रोड थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में चोरों ने अपने नाम शहनवाज पुत्र रियासत एवं कासिम पुत्र इन्साद निवासीगण हाजी साहिद होटल के पीछे पावी व पाल होटल के पीछे पूजा कॉलोनी की गली में बताया। पुलिस ने दोनों शातिर वाहन चोरों को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।